RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 313 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 1 नवंबर, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# राज्यों के विकास से ही देश का विकास : मोदी

## उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ व झारखंड की स्थापना रजत जयंती पर दी बधाई

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवा रायपुर के सेक्टर-20 में नवनिर्मित ब्रह्माकुमारी संस्थान का भव्य शांति शिखर रिट्रीट सेंटर 'एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड' का उद्घाटन किया। 1.5 एकड़ में ये शांति शिखर ध्यान केंद्र बना हुआ है। पीएम के साथ राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी मौजूद रहे।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रह्माकुमारी संस्था के शांति शिखर कार्यक्रम में शामिल होकर छत्तीसगढ़ सहित झारखंड और उत्तराखंड के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन विशेष है, क्योंकि तीनों राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्यों के विकास में ही देश का विकास निहित है। इसी मंत्र पर चलते हुए हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के अभियान में जुटे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण यात्रा में ब्रह्मकुमारी जैसी संस्थाओं की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने बताया कि उनका इस आध्यात्मिक आंदोलन से दशकों पुराना जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने ब्रह्मकुमारी संस्था को वटवृक्ष की तरह बढ़ते हुए देखा है। 2011 में अहमदाबाद में 'फ्यूचर ऑफ पावर' कार्यक्रम हो या 2012 में संस्था के 75 वर्ष का उत्सव, माउंट आबू और गुजरात के कार्यक्रमों में जाना मेरे जीवन का हिस्सा रहा है।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि दिल्ली आने के बाद भी उन्हें कई अवसरों पर ब्रह्मकुमारी संस्था से जुड़ने का मौका मिला — चाहे वह आजादी के अमृत महोत्सव का अभियान हो या स्वच्छता अभियान। पीएम मोदी ने कहा कि जब भी मैं आपके बीच आया हूं, मैंने आपके प्रयासों को गहराई से महसूस किया है। यहां शब्द कम, सेवा ज्यादा है। मुझे आपकी शक्ति का अंदाजा है और मैं शक्ति का पुजारी हूं।

उन्होंने संस्था से अपने व्यक्तिगत लगाव का भी उल्लेख किया और कहा कि इस संस्थान से मेरा अपनापन हमेशा रहा है। जानकी दीदी का स्नेह और राजयोगिनी दादी योगिनी जी का मार्गदर्शन मेरे जीवन की विशेष स्मृतियों में शामिल हैं।

# वेंकटेश्वर मंदिर में भगदड़ से सात श्रद्धालुओं की मौत



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम स्थित एक मंदिर में भगदड़ मचने से कई लोगों के मौत की खबर है। बताया जा रहा कि आज एकादशी के दिन काशीबुग्गा स्थित वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी थी। इसी दौरान भगदड़ मच गई। इस घटना में कई लोगों के हताहत होने की खबर है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने इस त्रासदी पर दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धालुओं की मौत को 'हृदय विदारक' बताया।

इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा वेंकटेश्वर मंदिर में हुई भगदड़ से मुझे बहुत दुख हुआ। यह बहुत दुखद है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई। मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ।

उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अधिकारियों को घायलों के बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं और अधिकारियों तथा स्थानीय नेताओं को भगदड़ स्थल पर राहत कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। कासीबुग्गा उप-मंडल प्रभारी डीएसपी लक्ष्मण राव ने पीटीआई को बताया कि वेंकटेश्वर मंदिर में सुबह करीब 11:30 बजे भगदड़ हुई। इस भगदड़ में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश ने इन मौतों पर शोक व्यक्त किया और कहा कि वह 'गहरे सदमे' में हैं। उन्होंने कहा कि इस एकादशी के दिन हम सब गहरे दुख में डूबे हैं। मैं उन लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपनी जान गंवाई। सरकार भगदड़ में घायल हुए लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रही है। लोकेश ने कहा कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों और स्थानीय विधायक से बात की है और प्रभावित व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

# करंट की चपेट में आने पर लड़के की मौत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-121 में एफएनजी बिहार में करंट की चपेट में आने से एक लड़के की मौत हो गई है।



स्थानीय लोगों ने बताया कि एफएनजी के डूब क्षेत्र में कई अवैध झुग्गियां स्थित है। यहां पर लोगों ने चोरी से बिजली के कनेक्शन ले रखे हैं जिसके कारण जगह तारों का मकड़जाल फैला हुआ है।

आज एक लड़के का पैर बिजली के खुले तार पर पड़ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों में इस घटना के खिलाफ काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि बिजली चोरी की शिकायत कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से की गई लेकिन अवैध वसूली के चलते अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## युवक से मोबाइल छीना

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के मामूरा सेक्टर-66 स्थित बिजली घर के पास से बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक से मोबाइल फोन छीन लिया।

मूल रूप से ग्राम गौसगंज बरेली निवासी इरशाद अली ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 10 अप्रैल के रात्रि को वह मामूरा सेक्टर-66 स्थित बिजली घर के पास से गुजर रहा था। पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए।

पीड़ित के मुताबिक अंधेरा होने तथा बदमाशों द्वारा तेज गति से बाइक को भगाने की वजह से वह नंबर नहीं देख पाया। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# युवक की गला रेतकर हत्या

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-3 क्षेत्र के गढ़ी चौखंडी गांव में बीती रात दो युवकों ने अपने दोस्त की गला काटकर हत्या कर दी। इस घटना से आसपास में रहने वाले लोगों में सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है।



पुलिस को बीती रात्रि सूचना मिली कि गढ़ी चौखंडी गांव में एक युवक की गला काटकर हत्या कर दी गई है। युवक का लहूलुहान शव उसके कमरे में पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस को जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि मृतक का नाम राहुल है और वह मूल रूप से रबूपुरा का रहने वाला है। राहुल एक निजी कंपनी में नौकरी करता था और गढ़ी चौखंडी गांव में किराए पर रह रहा था। उसके कमरे के सामने ही अमित कुमार, उमेश कुमार भी किराए पर रहते थे। तीनों के बीच दोस्ती थी। रात्रि के समय तीनों ने एक साथ बैठकर शराब पार्टी की। नशे में अमित कुमार, उमेश कुमार ने चाकू से राहुल का गला रेत दिया।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अवैध संबंधों के चलते यह घटना हुई है। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है।

## चोरी की बाइक समेत वाहन चोर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की बाइक को चाकू बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस टीम सेक्टर-11 मदर डेयरी चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सेक्टर-56 की तरफ से बाइक पर आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर मुड़कर भागने लगा हड़बड़ाहट में उसकी बाइक बंद हो गई। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उसे घेर लिया तलाशी में उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ।

पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम विकास पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम चौड़ा बताया विकास ने बताया कि वह चौड़ा गांव में किराए पर रह रहा है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# छात्रा को भगा ले गया

## विभिन्न स्थानों से दो किशोरी लापता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के कॉलेज में पढ़ने वाली एक युवती को कानपुर का रहने वाला युवक बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। वही अलग-अलग स्थान से दो किशोरियां भी घर से बिना बताए चली गई। परिजनों ने दो युवकों पर उन्हें बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-99 में रहने वाले प्रकाश (काल्पनिक नाम) ने थाना सेक्टर-39 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी (22 वर्षीय) पुत्री नोएडा के एक कॉलेज में पढ़ती है। रोज की तरह वह 30 अक्टूबर की सुबह घर से कॉलेज के लिए निकली थी। दोपहर को घर वापस न आने पर उन्होंने अपनी बेटी के कॉलेज में पता किया तो मालूम पड़ा कि वह कॉलेज से जा चुकी है। उन्होंने अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़ित के मुताबिक इस दौरान उन्हें जानकारी मिली थी। कानपुर का रहने वाला रोहित पुत्र संजय उनके बेटे को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। उन्होंने अपनी बेटी के फोन नंबर पर कॉल की लेकिन वह स्विच ऑफ मिला। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# नोएडा प्राधिकरण के 2 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त, विदाई समारोह आयोजित



**नोएडा ( चेतना मंच )।** शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण के 2 कर्मचारियों का विदाई समारोह एसोसिएशन कार्यालय सेक्टर-6 में नोएडा एम्प्लॉयज एसोसिएशन द्वारा बहुत ही धूमधाम से आयोजित किया गया। मैकेनिक कम ऑपरेटर उग्र नारायण झा एव उधानकर्मी ग्यासुद्दीन सेवानिवृत्त हुए। कार्यक्रम में एसोसिएशन पदाधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्राधिकरण की तरफ से सम्मानित किया गया। (शेष पृष्ठ-4 पर

## बच्चों के विवाद पर घर में घुसकर मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कलौंदा गांव में खेल-खेल में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर कुछ युवकों ने पड़ोसी के घर में घुसकर परिजनों के साथ मारपीट की। पीड़ित ने थाना चर्चा में तीन लोगों के खिलाफ गाली-गलौज मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम कलोंदा निवासी अली मोहम्मद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 30 अक्टूबर की शाम को उनके घर की छत पर बच्चे खेल रहे थे। इस दौरान खेल-खेल में बच्चों की पड़ोसी के बच्चों से लड़ाई हो गई। शोर शराबा सुनकर उनका पड़ोसी (शेष पृष्ठ-4 पर)


# घर का ताला तोड़कर जेवरात व अन्य सामान चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर अल्फा दो में रहने वाली एक युवती के घर में चोरी हो गई। चोर युवती की अनुपस्थिति में ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात, लैपटॉप, घड़ी व अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए।

सेक्टर अल्फा-2 के ए ब्लॉक में रहने वाली निमिता पांडे ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 12 अप्रैल से 15 अप्रैल के बीच अपने घर गई हुई थी। इस दौरान वह अल्फा दो के मकान में ताला लगाकर उसकी चाबी अपने मकान मालिक को दे गई थी। 14 अप्रैल को उनके मकान मालकिन श्रीमती रश्मि सिंह का फोन आया कि उनके कमरे का दरवाजा खुला है और सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा है। 15 अप्रैल को जब वह वापस लौटी तो उसे कमरे का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ मिला। निमिता पांडे के मुताबिक उसके कमरे से सोने की अंगूठी, सोने का मंगलसूत्र, सोने की झुमकी, एक जोड़ी चांदी की ब्राइडल पायल, दो चांदी की बिछिया, चांदी का ज्वेलरी सेट, तीन पेन ड्राइव, डेल लैपटॉप, टाइटन व सोनाटा की घड़ी तथा अन्य सामान गायब था। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## ग्रेनो प्राधिकरण के ओएसडी के बेटे की सड़क हादसे में मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात रहे विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) नवीन कुमार सिंह के बेटे रूद्र प्रताप सिंह (22 वर्ष) की नई दिल्ली में सड़क हादसे में दुःखद मौत हो गई है। बताया जाता है कि वे हरियाणा के एक कॉलेज में छात्र हैं। आज तड़के रूद्रप्रताप अपने घर आ रहे थे तभी सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई।



मालूम हो कि नवीन कुमार सिंह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में ओएसडी थे तथा उनका तबादला यूपीसीडा में हो गया है, लेकिन प्राधिकरण द्वारा उनको रिलीव नहीं किया गया था। इसके पूर्व वे नोएडा प्राधिकरण महाप्रबंधक (उद्योग) के पद पर काफी समय तक कार्यरत थे। इस हादसे से प्राधिकरण के कर्मचारियों व उनके शुभचिंतकों में शोक व्याप्त है।

# टांय-टांय फिस्स हुई उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने की कवायद!

## 49 करोड़ की लागत से पूरी होनी थी यह महत्वाकांक्षी योजना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण की उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने की बहु प्रतीक्षित तथा महत्वाकांक्षी योजना अंततः टांय-टांय फिस्स साबित हुई। अब प्राधिकरण ने इस योजना को टाल दिया है तथा इसके स्थान पर उद्योग मार्ग की मरम्मत तथा सुदृढ़ीकरण की योजना बनाई है। इसके लिए अब 4 कंपनियां सामने आई हैं।



अब इन एजेंसियों के कागजातों की जांच शुरू की गई है। इसके बाद फाइनेनशियल बिड खोली जाएगी। अगर इस टेंडर में एजेंसी का चयन हो जाता है तो दिसंबर से काम शुरू होने की उम्मीद है।

सेक्टर-1 गोलचक्कर से सेक्टर-11 झुंडपुरा तिराहे तक उद्योग मार्ग का हिस्सा है। पहले इसको मॉडल रोड बनाए जाने की योजना थी जिस पर करीब 49 करोड़ रुपये का खर्चा आ रहा था। नोएडा प्राधिकरण ने इस योजना को निरस्त कर दिया। इसके बाद सड़क की मरम्मत समेत कुछ जरुरी काम कराने का निर्णय लिया। इस पर प्राधिकरण करीब 9 करोड़ रुपये खर्च करेगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि उद्योग मार्ग की मरम्मत कराने के लिए इस महीने के शुरुआत में टेंडर जारी किया गया था जिसको अब खोला गया है। इस टेंडर में चार एजेंसियों ने हिस्सा लिया है। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसियों के कागजातों की जांच शुरू कर दी गई है। यह काम एक सप्ताह के अंदर कर लिया लिया जाएगा।

# 9 हजार वर्गमीटर में बनेंगे दो डॉग शेल्टर : ओएसडी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण 2.5 करोड़ रूपये की लागत से डॉग शेल्टर का निर्माण कर रहा है। इसमें कुत्तों के खाने, चिकित्सा व रखरखाव की व्यवस्था भी रहेगी। यह डॉग शेल्टर 9 हजार वर्ग मीटर में बनाये जा रहे हैं। यह जानकारी विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) महेन्द्र प्रसाद ने दी है।



शहर में आवारा कुत्तों के प्रबंधन को व्यवस्थित और मानवीय बनाने के लिए बड़ा कदम उठा रहा है। प्राधिकरण सेक्टर-123 में दो नए डॉग शेल्टर विकसित करेगा, जो लगभग एक एकड़ क्षेत्र में बनाए जाएंगे। प्रत्येक शेल्टर में करीब 1,000 बीमार, रेबीज़ से संक्रमित और आक्रामक कुत्तों को रखने की सुविधा होगी। इन केंद्रों में पशु चिकित्सक, उपचार कक्ष, भोजन और सुरक्षित आवास की व्यवस्था होगी, ताकि ऐसे कुत्ते जिन्हें सार्वजनिक स्थानों पर छोड़ा नहीं जा सकता, उनकी देखभाल हो सके। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# साइबर ठगी

शायद ही कोई दिन ऐसा जाता होगा जब कोई बुजुर्ग या आम लोग साइबर ठगी के शिकार न हुए हों। पिछले दिनों महाराष्ट्र में एक सेवानिवृत्त जज भी डिजिटल अरेस्ट स्कैम के शिकार हो गए। पिछले सप्ताह ऐसा ही एक अन्य दुखद मामला पुणे से सामने आया जब साइबरों ठगों ने एक 82 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी को डिजिटल हाउस अरेस्ट स्कैम में फंसाकर 1.19 करोड़ लूट लिए। कई दिन के मानसिक उत्पीड़न व आर्थिक क्षति से टूट गए वृद्ध की आखिर सदमे से मौत हो गई। यह विचारणीय पहलू है कि कैसे पढ़े-लिखे लोग साइबर ठगों की साजिश की गिरफ्त में आ जाते हैं। वैसे आम आदमी को साइबर ठगों व फर्जी फोन कॉल्स से बचाने के लिये पुख्ता व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। आम लोगों की सुविधा व सुरक्षा के लिये सरकार के प्रयासों के बाद अब दूरसंचार विभाग ने मार्च 2026 में ऐसी व्यवस्था लागू करने के तैयारी की, जिसमें बिना ट्रू-कॉलर के खुद मोबाइल अवांछित फोन के प्रति सजग करेगा। नियामक संस्था ट्राई ने इस प्रस्ताव पर सहमति जतायी है। यह विडंबना ही कि जैसे-जैसे नई तकनीक आम आदमी के जीवन में सुविधा लाती है, वहीं असामाजिक तत्व उसे लूट-खसोट का हथियार बनाने में आगे निकल जाते हैं। देश में इंटरनेट सेवाओं के विस्तार और मोबाइल फोन की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के साथ ही साइबर अपराधों में खासी तेजी आई है। जरा सी चूक होने पर लाखों लोग, साइबर धोखाधड़ी में अपने जीवनभर की पूंजी कुछ ही क्षणों में गवां देते हैं। अपराधियों का संजाल इतना विस्तृत व रहस्यमय है कि प्रवर्तन एजेंसियां जब तक उन तक पहुंचती हैं, पैसा विदेशों में ट्रांसफर हो जाता है। इस संकट का एक पहलू अनजान नंबरों से आने वाली फोन कॉल्स होती हैं, जिसके जरिये अपराधी लोगों को भ्रमित कर जीवन की जमा पूंजी लूट लेते हैं। दरअसल, संचार क्रांति के चलते तमाम सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हुई हैं, लेकिन इस सुविधा के साथ पुरानी पीढ़ी साम्य नहीं बैठा पाती है। अब इसी चुनौती को दूर करने के लिये दूरसंचार विभाग आम उपभोक्ता को ऐसी सुविधा देने जा रहा है, जिसमें फोन करने वाले को पहचाना जा सकेगा। फोन पर कॉल करने वाले व्यक्ति का नाम लिखा नजर आएगा। फिर व्यक्ति अपनी सुविधा अनुसार फोन कॉल्स लेना तय कर सकता है। दूरसंचार नियामक ट्राई की मंजूरी के बाद इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। हालांकि, फोन करने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटाने के कई ऐप अभी भी मौजूद हैं, लेकिन उनका उपयोग कुछ ही लोग कर पाते हैं। वैसे ऐसा निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि ऐप द्वारा दी जाने वाली सूचना सटीक है। ऐसे में यदि दूरसंचार विभाग की कोशिश सिरे चढ़ती है तो इससे करोड़ों उपभोक्ताओं को सुरक्षा कवच मिल पाएगा। पहले इस सुविधा का लेना मांग पर आधारित था, लेकिन बाद में तय किया गया कि यह सुविधा प्रत्येक मोबाइल उपयोगकर्ता को उपलब्ध करायी जाएगी। विश्वास किया जा रहा है कि अगले साल मार्च तक पूरे देश में यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। जानकारों का मानना है कि इस सुविधा से किसी सीमा तक मोबाइल के जरिये धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों पर नकेल कसी जा सकेगी। मोबाइल उपयोगकर्ता की सजगता इसमें मददगार हो सकेगी। स्क्रीन पर अनजान नंबर व नाम देखने के बाद मोबाइलधारक फोन कॉल्स को उठाने से बच सकता है। वैसे इसके साथ ही देश में डिजिटल साक्षरता की दिशा में व्यापक पहल करने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों के जरिये लोगों को सजग-सतर्क किए जाने की आवश्यकता है। शहरों से लेकर ग्राम पंचायतों तक जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को बताया जाना चाहिए कि बैंक, सीबीआई, कोर्ट या अन्य प्रवर्तन एजेंसियां कभी फोन करके उनके बैंक खाते या अन्य मामलों की जानकारी नहीं मांगती हैं। ऐसे फर्जी कॉल्स की प्रमाणिकता की पुष्टि करने के लिये हेल्पलाइन सुविधाओं में विस्तार करने की भी जरूरत है। देश में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को भी बाध्य किया जाना चाहिए कि वे उपयोगकर्ताओं को शिक्षित करके संदिग्ध फोन नंबरों के प्रति सचेत करें।

# रामचरित मानस

**पिछले अंक में आपने पढ़ा था कि मुनि के चरण कमलों में प्रणाम करके, आज्ञा पाकर उन्होंने विश्राम किया, रात बीतने पर श्री रघुनाथजी जागे और भाई को देखकर ऐसा कहने लगे- ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**उयउ अरुन अवलोकहु ताता। पंकज कोक लोक सुखदाता॥**
**बोले लखनु जोरि जुग पानी। प्रभु प्रभाउ सूचक मृदु बानी॥**

हे तात! देखो, कमल, चक्रवाक और समस्त संसार को सुख देने वाला अरुणोदय हुआ है। लक्ष्मणजी दोनों हाथ जोड़कर प्रभु के प्रभाव को सूचित करने वाली कोमल वाणी बोले- ॥

**दो0-अरुनोदयँ सकुचे कुमुद उडगन जोति मलीन।**
**जिमि तुम्हार आगमन सुनि भए नृपति बलहीन॥**

अरुणोदय होने से कुमुदिनी सकुचा गई और तारागणों का प्रकाश फीका पड़ गया, जिस प्रकार आपका आना सुनकर सब राजा बलहीन हो गए हैं॥

**नृप सब नखत करहिं उजिआरी। टारि न सकहिं चाप तम भारी॥**
**कमल कोक मधुकर खग नाना। हरषे सकल निसा अवसाना॥**

सब राजा रूपी तारे उजाला (मंद प्रकाश) करते हैं, पर वे धनुष रूपी महान अंधकार को हटा नहीं सकते। रात्रि का अंत होने से जैसे कमल, चकवे, भौंरे और नाना प्रकार के पक्षी हर्षित हो रहे हैं॥

(क्रमशः.. )

# एनडीए के घोषणापत्र में ज्यादा दम है या महागठबंधन के?

बिहार विधानसभा चुनावों से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और महागठबंधन दोनों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी कर दिए हैं। पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्रियों जीतन राम मांझी, चिराग पासवान तथा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की मौजूदगी में एनडीए ने अपना विस्तृत घोषणापत्र प्रस्तुत किया। एनडीए के घोषणापत्र में एक करोड़ रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण, औद्योगिक विकास और बुनियादी ढांचे में निवेश पर ज़ोर दिया गया है। घोषणापत्र में हर जिले में मेगा स्किल सेंटर, औद्योगिक पार्क, महिला उद्यमिता मिशन, खेती के लिए एमएसपी की गारंटी, और सात नए एक्सप्रेसवे जैसी योजनाओं की घोषणा की गई है। इसके साथ ही गरीबों के लिए 50 लाख नए घर, 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन और बेहतर शिक्षा-स्वास्थ्य ढांचा का वादा किया गया है।

राजग के घोषणा पत्र के प्रमुख प्रावधानों में पिछड़े वर्गों के लिए विशेष आर्थिक सहायता का भी उल्लेख है। आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) को सरकार 10 लाख रुपये की सहायता देगी और उनके हितों के लिए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोग गठित किया जाएगा। इसके अलावा, कृषि क्षेत्र के लिए राजग ने 'कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि' शुरू करने की घोषणा की है, जिसे केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से लागू किया जाएगा। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी दी जाएगी और कृषि अवसंरचना में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। घोषणापत्र में कहा गया है कि बाढ़ प्रभावित उत्तर बिहार को अगले पांच वर्षों में पूरी तरह इस समस्या से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। शहरी विकास के तहत चार और शहरों में मेट्रो रेल सेवा शुरू करने की घोषणा भी की गई है। राजधानी क्षेत्र में न्यू पटना नामक एक हरित (ग्रीनफील्ड) परियोजना विकसित की जाएगी। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सीतामढ़ी के पुनौरा धाम जानकी मंदिर को सीतापुरम के रूप में विकसित किया जाएगा। घोषणा पत्र में यह भी कहा गया है कि बिहार से विदेशी उड़ानें शुरू की जाएंगी और कई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे बनाए जाएंगे। साथ ही, राज्य में 10 नए औद्योगिक पार्क स्थापित किए जाएंगे और प्रत्येक जिले में फैक्टरी एवं विनिर्माण इकाइयां शुरू की जाएंगी।

राजग ने वादा किया है कि अगले पांच वर्षों में राज्य में 50 लाख करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया जाएगा, जिससे औद्योगिक क्रांति की गारंटी सुनिश्चित होगी। शिक्षा के क्षेत्र में राजग ने केजी से पीजी तक निशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वादा किया है। अनुसूचित जाति के उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 2,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। राजग ने गरीब और वंचित वर्गों के लिए 'पंचामृत गारंटी' की घोषणा की है, जिसके तहत मुफ्त राशन, पांच लाख रुपए तक का मुफ्त उपचार, 50 लाख पक्के मकान और सामाजिक सुरक्षा पेंशन सुनिश्चित की जाएगी राजग ने घोषणापत्र में कहा कि खेल के क्षेत्र में राज्य में 'बिहार स्पोर्ट्स सिटी' का निर्माण किया जाएगा ताकि युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं मिल सकें। संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। घोषणा पत्र के अनुसार, गिग वर्कर्स और ऑटो चालकों को वित्तीय सहायता और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। भाजपा ने कहा, यह घोषणापत्र प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और नीतीश कुमार के भरोसे का प्रतीक है।




*राजग के घोषणा पत्र के प्रमुख प्रावधानों में पिछड़े वर्गों के लिए विशेष आर्थिक सहायता का भी उल्लेख है। आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) को सरकार 10 लाख रुपये की सहायता देगी और उनके हितों के लिए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोग गठित किया जाएगा।*

दूसरी ओर, महागठबंधन ने अपने घोषणापत्र जिसे 'तेजस्वी प्रण% नाम दिया गया है, में हर परिवार को एक सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम सत्ता में आए तो 20 दिन में हर परिवार को एक नौकरी दी जाएगी। घोषणापत्र में 'जीविका दीदी' को स्थायी सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, आउटसोर्स और कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को नियमित करने और युवा, किसान व महिला सशक्तिकरण से जुड़ी 25 प्रमुख घोषणाएँ शामिल हैं।

देखा जाये तो बिहार की राजनीति में घोषणापत्र अब केवल नीतिगत दस्तावेज़ नहीं रहे, बल्कि भावनात्मक प्रोपेगेंडा बन चुके हैं। इस बार दोनों खेमों ने वादों की ऐसी बारिश की है कि आम मतदाता के लिए असली और नकली बादल में फर्क करना मुश्किल हो गया है। एनडीए का घोषणापत्र दिखने में व्यावहारिक और संरचनात्मक है— यह विकास, उद्योग और स्थिरता की बात करता है। वहीं महागठबंधन का घोषणापत्र भावनात्मक है— यह नौकरी, वेतन और सरकारी स्थायित्व जैसे सीधे वादे करके युवाओं के दिलों को छूने की कोशिश करता है।

एनडीए ने इस बार 'गारंटी' को मुख्य शब्द बनाया है। मोदी की गारंटी और नीतीश का भरोसा, यह नारा सीधे जनता की याद्दाश्त में बैठाने की रणनीति है। घोषणापत्र का फोकस बुनियादी ढांचे पर है। जैसे- 7 एक्सप्रेसवे, 3,600 किमी नई रेल लाइनें, हर जिले में मेडिकल कॉलेज और औद्योगिक पार्क का वादा किया गया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या बिहार में उद्योग लगाने का माहौल तैयार है? बिजली, भूमि, कानून व्यवस्था और मानव संसाधन, ये चारों चुनौतियाँ अभी भी गंभीर हैं। देखा जाये तो एक करोड़ रोजगार का वादा तब तक महज़ नारा रहेगा जब तक बिहार में पूंजी निवेश आकर्षक नहीं बनता।

हालाँकि, एनडीए ने महिलाओं पर केंद्रित योजनाओं— लखपति दीदी मिशन और महिला उद्यमिता योजना%% के ज़रिए ग्रामीण महिला वोट बैंक को साधने की कोशिश की है। नीतीश कुमार का पिछला रिकॉर्ड इस दिशा में अपेक्षाकृत मज़बूत रहा है, इसलिए इस वर्ग में एनडीए का वादा विश्वसनीय दिखता है।

वहीं तेजस्वी यादव ने घोषणापत्र को पूरी तरह युवाओं के लिए डिज़ाइन किया है। 20 दिन में नौकरी जैसा वादा तात्कालिक रूप से आकर्षक ज़रूर लगता है, लेकिन वित्तीय दृष्टि से यह असंभव है। बिहार के राजस्व संसाधन सीमित हैं; अगर हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, तो यह न केवल आर्थिक रूप से अव्यावहारिक होगा बल्कि शासन व्यवस्था भी चरमरा जाएगी। पुरानी पेंशन योजना, ठेका कर्मियों का स्थायीकरण और 'जीविका दीदी' को सरकारी दर्जा देने जैसी घोषणाएँ वित्तीय बोझ को कई गुना बढ़ा सकती हैं। महागठबंधन ने भावनात्मक राजनीति का सहारा लिया है, पर शासन के व्यावहारिक समीकरणों को नज़रअंदाज़ किया है।

अब सवाल उठता है कि जनता किसके घोषणापत्र से प्रभावित होगी? देखा जाये तो बिहार की जनता अब केवल वादों से नहीं, विश्वसनीयता से प्रभावित होती है। नीतीश कुमार की छवि एक अनुभवी प्रशासक की है, भले ही अब उनकी लोकप्रियता घट रही हो। मगर मोदी फैक्टर आज भी ग्रामीण और मध्यम वर्ग में भरोसे का प्रतीक है। दूसरी ओर तेजस्वी यादव युवाओं में उम्मीद जगाते हैं, लेकिन जंगलराज की पुरानी यादें अभी भी वोटरों के दिमाग़ में ताज़ा हैं। इसलिए, शहरी और मध्यम वर्ग के मतदाता संभवतः एनडीए के विकास और स्थिरता के वादे से आकर्षित होंगे, जबकि बेरोज़गार युवा और निम्न वर्ग महागठबंधन की नौकरी और पेंशन की घोषणाओं की ओर झुक सकते हैं।

बहरहाल, एनडीए का घोषणापत्र एक दीर्घकालिक दृष्टि प्रस्तुत करता है लेकिन उसकी सफलता क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। वहीं महागठबंधन का घोषणापत्र तत्काल राहत का सपना दिखाता है लेकिन उसकी विश्वसनीयता संदिग्ध है। बिहार के मतदाता अब भावनाओं से अधिक परिणाम चाहते हैं। वह जान चुके हैं कि रोज़गार की राजनीति और विकास की राजनीति के बीच एक बहुत गहरा अंतर है। बिहार के लिए असली सवाल यह नहीं है कि कौन ज्यादा वादे करता है, बल्कि यह है कि कौन अपने वादों को निभा सकता है। और इस बार, जनता घोषणापत्र नहीं, विश्वसनीयता को वोट देगी।

**-नीरज कुमार दुबे**

# ईमानदारी के रिफ्यूजी (व्यंग्य)

इसी घनघोर कन्फ्यूज़न के बीच एक नई फाइल सत्यनिष्ठ जी की मेज पर धड़ाम से आकर गिरी। फाइल का कवर बदरंग था और उस पर लिखा था - केस नंबर 420- रमेश बाबू - द खूँटी वाला। सत्यनिष्ठ जी ने फाइल खोली और पहले पन्ने पर लिखी रिपोर्ट पढ़कर उनका सिर चकरा गया।

इन दिनों सद्गुण मंत्रालय में जो हड़कंप मचा है, वैसा तो स्टॉक मार्केट क्रैश होने पर भी नहीं मचता। मंत्रालय के सेक्रेटरी, श्री सत्यनिष्ठ जी, अपने ऑफिस में दिन में चार बार बीपी की गोली खा रहे हैं और उनके असिस्टेंट, पी.ए. पुण्य आत्मा का तो हाल ही बेहाल है। उनका सुपर-कंप्यूटर, कैरेक्टर-एनालाइज़र 5.0, बार-बार एरर दिखा रहा है। वजह? आर्यावर्त से आने वाला कन्फ्यूजिंग डेटा। वहाँ एक नई फिलॉसफी चल पड़ी है - ईमानदारी इज़ अ चॉइस, नॉट अ ज़रूरत।

सत्यनिष्ठ जी अपने असिस्टेंट पर चिल्ला रहे थे, पुण्य आत्मा, व्हाट इज़ दिस नॉनसेंस? हमारा डेटाबेस कहता है कि रमेश बाबू नाम का आदमी कैटेगरी-ए का ईमानदार है, पर आर्यावर्त का सिस्टम उसे कैटेगरी-एफ का फेलियर बता रहा है। हम उसे सर्टिफिकेट ऑफ़ ऑनेस्टी दें या लेटर ऑफ़ कंडोलेंस? मामला इतना कॉम्प्लिकेटेड हो गया है कि मंत्रालय की लीगल टीम ने इस्तीफ़ा देने की धमकी दे दी है, कह रहे हैं कि आर्यावर्त की




प्रैक्टिकल-फिलॉसफी समझना उनके बस की बात नहीं।

इसी घनघोर कन्फ्यूज़न के बीच एक नई फाइल सत्यनिष्ठ जी की मेज पर धड़ाम से आकर गिरी। फाइल का कवर बदरंग था और उस पर लिखा था - केस नंबर 420- रमेश बाबू - द खूँटी वाला। सत्यनिष्ठ जी ने फाइल खोली और पहले पन्ने पर लिखी रिपोर्ट पढ़कर उनका सिर चकरा गया। उन्होंने चश्मा उतारकर पुण्य आत्मा से पूछा, यह क्या है? रमेश बाबू को उसकी ईमानदारी की वजह से अयोग्य करार दे दिया गया? और उसकी बेटी बिना इलाज के मर गई क्योंकि उसने वज़न उठाने से मना कर दिया? यह कौन-सा नया कर्म-सिद्धांत है आर्यावर्त में? पुण्य आत्मा ने एक लंबी साँस ली, सर, यही तो प्रॉब्लम है। आर्यावर्त में अब ईमानदारी एक म्यूजियम की चीज़ बन गई है, जिसे लोग दूर से देखते हैं, सराहते हैं, पर घर नहीं ले जाते। रमेश बाबू उसे अपने कोट के साथ रोज़ दफ्तर ले जाते थे और अपनी खूँटी पर टाँग देते थे।

सत्यनिष्ठ जी ने अपने सबसे अनुभवी और वर्ल्डली-वाइज़ इंस्पेक्टर, मिस्टर प्रैक्टिकल, को भेजा। मिस्टर प्रैक्टिकल जब वापस लौटे तो उनका चेहरा देखने लायक था। उन्होंने सत्यनिष्ठ जी को सैल्यूट मारा और बोला, सर, सीन बहुत मेस्ड-अप है। दैट खूँटी वॉज़ नॉट जस्ट अ खूँटी, इट वॉज़ अ सिंबल। रमेश बाबू के कलीग्स कहते थे, रमेश बाबू, इसी खूँटी पर अपनी ईमानदारी भी टाँग देते हैं, घर ले जाने में भारी लगती होगी। सर, जब एक ठेकेदार ने उसे मोटी रिश्वत ऑफर की, तो उसने यह कहकर मना कर दिया कि मेरी खूँटी कमज़ोर है, यह वज़न नहीं सह पाएगी। सर, कैन यू इमेजिन? द मैन चोज़ अ खूँटी ओवर हिज़ डॉटरस लाइफ!

तो उसकी बेटी का क्या हुआ? सत्यनिष्ठ जी ने पूछा। सर, शी डाइड, मिस्टर प्रैक्टिकल ने सपाट आवाज़ में कहा। और उसके बाद रमेश बाबू ने कुछ ऐसा किया जो हमारे किसी भी कैरेक्टर-मैनुअल में नहीं लिखा। वह अगले दिन ऑफिस गया, उस खूँटी को दीवार से उखाड़ा, अपनी जेब में रखा और कहा, साहब, अब इसकी ज़रूरत नहीं। जिस ईमानदारी को इस पर टाँगता था, कल रात उसे अपनी बेटी के साथ जला आया। और फिर वह गायब हो गया। नोबडी हैज़ सीन हिम सिंस।

यह सब सुनकर सत्यनिष्ठ जी ने अपना सिर पकड़ लिया। मतलब, आर्यावर्त का सिस्टम इतना क्रूर हो गया है कि वह एक ईमानदार आदमी को अपनी ईमानदारी जलाने पर मजबूर कर देता है? और फिर उसे गायब भी कर देता है? तो अब हम क्या करें? उसे शहीद-ए-ईमानदारी घोषित करें या भगोड़ा?

अंत में, सत्यनिष्ठ जी ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। उन्होंने रमेश बाबू की फाइल पर एक नया स्टैम्प लगवाया, जिस पर लिखा था - केस क्लोज्ड- सब्जेक्ट लॉस्ट इन द सिस्टम। उन्होंने पुण्य आत्मा को निर्देश दिया कि कैरेक्टर-एनालाइज़र 5.0 में एक नई कैटेगरी बनाई जाए - ईमानदारी के रिफ्यूजी। इस कैटेगरी में उन लोगों को रखा जाएगा, जिनकी ईमानदारी को आर्यावर्त का सिस्टम बर्दाश्त नहीं कर पाया और उन्हें अपनी पहचान मिटाकर गुमनामी में जीने पर मजबूर कर दिया। सत्यनिष्ठ जी ने अपनी कुर्सी पर पीछे टिकते हुए कहा, छोड़ दो इस केस को। यह आत्मा हमारे ज्यूरिस्डिक्शन से बाहर है। आर्यावर्त में गरीब की ईमानदारी भी कोई ईमानदारी है लल्लू!

**- डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# राशिफल

**कार्तिक माह, शुक्ल पक्ष, दशमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। मन परेशान रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आय में सुधार होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। अच्छे समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में सुधार। कोर्ट-कचहरी में विजय। व्यापारिक सफलता। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य में सुधार।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आनंदमय जीवन गुजरेगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी। जीवनसाथी के साथ सानिध्य बना रहेगा, जो लोग विवाहित हैं।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे या स्वंय हार जाएंगे। स्वास्थ्य थोड़ा प्रभावित है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
गृह कलह के संकेत हैं। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ। व्यापार अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसे न लगाएं। नुकसान का संदेह है। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य में सुधार हो चुका है। प्रेम, संतान भी अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है। धर्नाजन बढ़ेगा। कुटुंब में वृद्धि होगी।

# इंदिरा गांधी एवं सरदार पटेल को अर्पित की श्रद्धांजलि

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्धनगर द्वारा देश की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि तथा भारत के लौह पुरुष और प्रथम गृहमंत्री स्व0 सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर एक विशेष श्रद्धांजलि एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गयी।



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने भारत को मजबूत, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए जो त्याग और संघर्ष किया, वो अमेरिका के पूंजीवाद के सामने नहीं झुकी, पाकिस्तान से युद्ध के दौरान मिली विदेशी गीदड़ भभकियों को उन्होंने नजरअंदाज कर पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांटकर भारतीय नारीशक्ति की राजनीतिक–रणनीतिक दृढ़ता का नजारा सारी दुनिया को दिखा दिया। राजा महाराजाओं के प्रीवी पर्स ( पेंशन ) बन्द करने से लेकर बैंकों के राष्ट्रीय करण तक देश आर्थिक स्वायत्तता को श्रीमती गांधी ने मजबूत किया और देश एकता अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहूति उन्होंने दी। वे आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

वहीं सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता की नींव रखी–यदि पटेल न होते तो भारत आज इतने संगठित रूप में न खड़ा होता। कांग्रेस पार्टी इन दोनों महान विभूतियों के आदर्शों पर चलकर देश की सेवा के संकल्प को दोहराती है।

दीपक भाटी चोटीवाला ने आगे कहा कि आज के युवा वर्ग और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे इन महान नेताओं के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाएँ और नफरत की राजनीति से ऊपर उठकर एकता, समानता और प्रेम का संदेश फैलाएँ।

कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में देश की एकता, संविधान की मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुकेश शर्मा,नीरज लोहिया, दुष्यंत नागर, महाराज सिंह नागर, राजू राव, मोहम्मद तकी, शिव चौटाला, डॉ0 रघुराज शर्मा,मास्टर हबीब.रमेश वाल्मीकि,अरुण भाटी,अरविन्द रेक्सवाल, दयानन्द नागर,कपिल भाटी, अक्षय कोरी, नितीश चौधरी, विपिन त्यागी,अभिषेक कुमार, नागेंदर,रोहन आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई सरदार पटेल की जयंती

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर चाइ–3 पर नए भारत के निर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई गई।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी ने कहा कि देश को स्वतंत्र करने से लेकर नए भारत को बनाने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल का अहम योगदान रहा। उन्होंने लगभग 560 विरासतों को एक कर कर अखंड भारत बनाया। आज पटेल जयंती पर राष्ट्रीय लोक दल पार्टी के सदस्यता अभियान का समापन हुआ जो 14 अप्रैल संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती से शुरुआत हुई थी और 31 अक्टूबर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर समापन हुआ। जिले के सम्मानित नेता का कार्यकर्ताओं को धन्यवाद किया गया जिले में राष्ट्रीय लोक दल के लगभग 12000 हजार नए सदस्य बनाए गए।



इस मौके पर महेश आर्य (राष्ट्रीय सचिव), अजीत सिंह दौला, श्रीमती हेमा पाठक, हरवीर सिंह तालान, श्रीमती प्रियंका अत्रि, मनवीर, श्रीमती रूबी जादौन, श्रीमती रिजवाना, मेवाती भाटी, जोगिंदर सिंह, लक्ष्मण सिंह, कुंतल, अतुल चौधरी, फखरुद्दीन कोटिया, हरिओम भाटी, मनोज चौधरी, सोमेंद्र अवाना, संजय तालान, सुरेंद्र फौजी, श्रीमती सकिना, श्रीमती रोशन रासुद्दीन, प्रदीप जादौन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एआरटीओ को सौंपा ज्ञापन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ऑटो चालकों की 8 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति व ऑटो यूनियन के पदाधिकारी एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार से मिले और एक ज्ञापन सौंपा। एआरटीओ को अवगत कराया कि 6 नवंबर से आंदोलन किया जाएगा

ऑटो यूनियन के अध्यक्ष चौधरी ओमप्रकाश गुर्जर ने कहा कि एआरटीओ प्रशासन हमारी मांगों पर एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा है कोई सुनवाई नहीं हो रही है इसलिए ऑटो चालकों में रोष है हमारा मुख मुद्दा प्राइवेट बाइक पर सख्त कार्रवाई कर शहर से बाहर करना था और श्वङ्क ऑटो और श्व1 रिक्शा के रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाना था लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की आरटीओ को पता होना चाहिए की शहर के अंदर हमारी संख्या 50 हजार से ज्यादा है ।



भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी बीसी प्रधान ने कहा की अगर आपने हमारी मांगों को नहीं माना तो अबकी बार हम आर पार की लड़ाई लड़ेंगे और जब तक हमारी मांग नहीं मानी जाएगी तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी

इस मौके पर चौधरी बीसी प्रधान, चौधरी ओमप्रकाश गुर्जर, महेश तंवर, राजकुमार मोनू, बंदर नागर, अमित बैसोया, राजीव चौहान, अंकुर कश्यप, रिषभ आदि मौजूद रहे।

# दलित युवक अनिकेत जाटव की हत्या पर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल पहुंचा रबूपुरा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार एक प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल रबूपुरा पहुँचा, जहाँ हाल ही में हुई दलित युवक अनिकेत जाटव की नृशंस हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक गजराज सिंह, गौतमबुद्ध नगर के जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला, जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी व नेता नोएडा शहर अध्यक्ष मुकेश यादव तथा जिला कांग्रेस कमेटी, गौतमबुद्ध नगर के अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला शामिल रहे। दल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की और कांग्रेस पार्टी की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस दौरान कांग्रेस पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा कि दलित समाज के एक निर्दोष युवक की दबंगों द्वारा की गई निर्मम हत्या समाज के लिए कलंक है। यह घटना न केवल कानून व्यवस्था की विफलता को उजागर करती है, बल्कि सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर भी गहरी चोट पहुँचाती है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने तक न्याय की लड़ाई लड़ी जायेगी प्रदेश में और जिले में लगातार हत्या जैसे जघन्य अपराध लगातार हो रहे हैं प्रदेश के मुख्यमंत्री हर महीने दो बार जिले में आते हैं बावजूद इसके प्रशासनिक अमला अपराध रोकने के प्रति गंभीर नहीं है मुख्यमंत्री जाति विशेष के लोगों को सरक्षण देने का काम करते है व अन्य लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाने को महिमामंडित करते हैं कांग्रेस पार्टी कानून और संविधान में अगाध आस्था रखती है। दोहरे मापदंड नहीं सही जा सकते है।



प्रतिनिधिमंडल ने मौके पर मौजूद स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से भी मुलाकात की तथा घटना की निष्पक्ष जांच, सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी एवं पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और सुरक्षा प्रदान किए जाने की माँग की।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने इस अमानवीय घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रदेश सरकार से माँग की है कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए और प्रशासनिक लापरवाही की भी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

प्रतिनिधिमण्डल में पूर्व विधायक गजराज सिंह, महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय चौधरी, ए0आई0सी0सी सदस्य पुरुषोत्तम नागर, दिनेश अवाना, धर्म सिंह बाल्मीकि, सूबेदार सतपाल सिंह, राधा रानी, अब्बास हैदर, सतीश शर्मा, मुकेश शर्मा, दुष्यंत नागर, महाराज सिंह, नीरज लोहिया, सुबोध भट्ट, रमेश बाल्मीकि, अमित कुमार,सचिन जीनवाल, अरुण भाटी, अरविन्द रेक्सवाल, धीरा सिंह, नीतीश चौधरी, कैलाश बंसल, रघुराज शर्मा, रमेश बघेल, शहाबुद्दीन, सुमित अत्तरी व जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारी सहित सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपाईयों ने मनाई सरदार पटेल की जयंती

**भदोरी।** भाजपाईयों ने भदोही में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई जहां पर इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जौनपुर के प्रभारी राकेश त्रिवेदी उपस्थित रहे पुलिस लाइन में सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर रन फॉर यूनिटी के तहत दौड़ लगाकर जिला पंचायत कार्यालय पर समापन किया गया।




मुख्य अतिथि राकेश त्रिवेदी ने कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर गुजरात के केवड़िया में इंस्टीट्यूट आफ यूनिवर्सिटी पर श्रद्धांजलि अर्पित की उसी के उपलक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एकता दिवस परेड का निरीक्षण किया आज पूरे देश में एकता दिवस के रूप में लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाने का संकल्प पूर्ण किया। वहीं पर जनपद भदोही में बहुत अच्छा कार्यक्रम संपन्न हुआ जिला पंचायत में सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन पर एक सच्ची श्रद्धांजलि दी गई और कहा आपने अपने जीवन में बहुत ही साहसपुर अनेकों कार्य किए हैं जिसका आज पूरा देश लोहा बनता है

कार्यक्रम में उपस्थित जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा जिलाधिकारी शैलेश कुमार पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक पूर्व सांसद गोरखनाथ पांडेय पूर्व मंत्री रंगनाथ नाथ मिश्रा पूर्व विधायक रविंद्र नाथत्रिपाठी जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूध त्रिपाठी पुर जिला अध्यक्ष संतोष पांडेय विनय श्रीवास्तव कन्हैयालाल मिश्र हौसला प्रसाद पाठक सुनील मिश्रा गोवर्धन राय जिला मीडिया प्रभारी मनीष पांडेय पार्टी के सभी सम्मानित कार्यकर्ता और जनपद भदोही के सभी प्रशासनिक लोगों उपस्थित रहे।

# पटेल की जयंती पर रन फार यूनिटी दौड़ का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लौह पुरूष सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला गौतमबुद्धनगर द्वारा दादरी विधानसभा के गांव आकिलपुर जागीर में चौधरी वेदराम नागर मेमोरियल स्टेडियम में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' एकता दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा बसंत त्यागी रहे।

उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, दादरी विधायक तेजपाल नागर, जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, कार्यक्रम प्रमुख एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राज नागर रहे।

मुख्य अतिथि बसंत त्यागी के कहा कि यह आयोजन राष्ट्र की एकता, अखंडता और समरसता का सशक्त प्रतीक बने, रन फॉर यूनिटी के माध्यम से अखंड भारत के प्रणेता, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि दी, उन्होंने पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया।

विधानपरिषद सदस्य श्री श्रीचंद शर्मा जी ने कहा कि देश की आज़ादी की लड़ाई लड़ने वाले राष्ट्र भक्त देश के पहले ग्रह मंत्री देश को एकता में पु रोने के लिए 565 रियासत ओं को एक करने का काम किया

दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर जी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश हित के कार्य किये देश को एकता और अखंड बनाने के लिये सदेव कार्य किये। जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल जी के देश के लिये किये गये कार्यों के लिए देश उन्हें सदेव याद रखेगा।

कार्यक्रम में ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र नागर, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नागर, मंडल अध्यक्ष धीर राणा, अर्पित तिवारी, महेंद्र नागर, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, ईश्वर भाटी, प्रशांत नागर, विचित्र तोमर, तरुण नागर, सतीश बीडीसी, शक्ति रावल, बृजेश ठाकुर, नरेंद्र प्रधान, अशोक बीडीसी, टीटू राणा आदि उपस्थित रहे।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क0वि0), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

**निविदा संख्या :** AGCTRDT202523

**कार्य का नाम :** आगरा मंडल के मथुरा-अलवर खंड की पीएसआई परिसंपत्तियों का दो साल की अवधि के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध

**अनुमानित लागत :** ₹ 87,80,191.12/- | **धरोहर राशि :** ₹ 1,75,600/-

**कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 24 माह

- निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (**www.ireps.gov.in**) पर देखा व भरा जा सकते है।
- निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (**www.ireps.gov.in**) पर दि. **24/11/2025** को 15:00 बजे तक भरा जा सकता है।

**2047/25(AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

# स्वर्ण नगरी में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर स्वर्ण नगरी के सेंट्रल पार्क में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाई गई तथा शुभ अवसर पर 14 सितंबर 2025 को नव निर्वाचित RWA टीम को भी माला पहनाकर स्वागत करते हुए पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर वीरेंद्र डाढा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, चौश गोपाल सिंह ,प्रमोद सुनपुरा एड., डा. बेगराज सिंह ,जय सिंह प्रधान ,रघुराज भाटी ,राजेश्वर भाटी अध्यक्ष ऋRWA,चौ. सुबोध कुमार, सत्य प्रकाश भडाना, रणवीर चंदीला, सतवीर मावी, महेश गौतम ,ईश्वर चंद केपी सिंह ,ओपी अरोड़ा वह रोहित नागर एड आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं.7120252026** | **दिनांक : 29.10.2025**

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 19.11.2025 को 13:30 **बजे** तक आमंत्रित की जाती है।कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

**क्र.सं.- 01- निविदा नं.:** 185, **कार्य का विवरण:** संयुक्त निविदाः **(ए)** सहायक मंडल अभियंता अलीगढ़ के अधीन अलीगढ़ में आर0पी0एफ0 पोस्ट के सुधार का कार्य । **(बी)** सहायक मंडल अभियंता अलीगढ़ के अधीन अलीगढ़ में अधिकारी विश्राम गृह के सुधार का कार्य ।

**अनुमानित मूल्य (रू.):** 10116379.23 | **बयाने की रकम (रु.):** 200600.00

**सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार:** कोई सिविल इंजीनियरिंग का कार्य।

**कार्य समापन की अवधि:** 08 माह, **निविदा खुलने की तिथि: 19.11.2025, बिड कैपेसिटी की अवश्यकता नही है।**, 1. ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे । 2. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित **IREPS** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि दिनांक 19.11.2025 समय 13:30 **बजे** तक उपलब्ध है । 3. उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको **I.T.Act.2000** के अन्तर्गत **C.C.A.** द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ **IREP** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 4. निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। 5. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 6. निविदादाता को जी.सी.सी. अप्रैल 2022 भाग-। के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अन्यथा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी।

**2028/25 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

**पत्रांकः- मेड/आ.छा./मान्यता/डाइग्नोस्टिक/2025** | **दिनांक : 30.10.2025**

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति**

**आगरा मंडल, उत्तर मध्य रेलवे के रेल लाभार्थियों हेतु बहिर्स्रोतों द्वारा पैथोलॉजी जाँच सेवाएँ बिल भुगतान आधार पर प्रदान करने हेतु विज्ञापन।**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/म.रे.चि./आगरा द्वारा आगरा मंडल के रेल लाभार्थियों हेतु पैथोलॉजी जाँच से सम्बन्धित योग्य एवं CGHS/ECHS/ESI द्वारा मान्यता प्राप्त डाइग्नोस्टिक सेंटरों से, जो इस कार्य से सम्बंधित अपना डाइग्नोस्टिक सेंटर चला रहे हों, ऐसे इच्छुक डाइग्नोस्टिक सेंटर संचालको से इस विज्ञापन के प्रकाशित होने के 10 दिन के अन्दर CGHS महानिदेशालय, दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन दिनांक **03.10.2025** में दी गई आगरा शहर के लिए लागू CGHS (Non NABL) दरों पर ऑफर आमंत्रित किये जाते हैं।

**निम्नलिखित शर्तें अनिवार्य हैः-**

**1.** डाइग्नोस्टिक सेंटर का आवश्यक उपकरणों से परिपूर्ण एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला आगरा द्वारा पंजीकृत होना अनिवार्य है।

**2.** डाइग्नोस्टिक सेंटर की सेवाएँ CGHS महानिदेशलय, दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन दिनांक **03.10.2025** में दी गई आगरा शहर के लिए CGHS (Non NABL) दरों पर आधारित होना चाहिए जो दो वर्ष की अवधि हेतु मान्य होगी।

**3.** रेलवे रोगियों को अधिकृत चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मंडल रेल चिकित्सालय, आगरा द्वारा किये गए काउंटर हस्ताक्षर उपरांत रेफर पत्र के साथ आपके पास जाँच हेतु भेजा जाऐगा।

**4.** अधिकृत रेल चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा रेफर रेल लाभार्थी से कोई भुगतान प्राप्त नहीं किया जाऐगा।

**5.** भुगतान की पद्धति CGHS महानिदेशालय, दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन दिनांक **03.10.2025** में दी गई आगरा शहर के लिए लागू CGHS (Non NABL) दरों पर आधारित रेल लिस्ट द्वारा होगी।

**6.** समस्त विवादों का निराकरण महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेल, प्रयागराज द्वारा Arbitration Act (26) of 1996 की धारा के प्रसंग में नियुक्त/Arbitrator द्वारा किया जायेगा। निर्णय अमान्य होने की दशा में विवाद की अपील महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेल, प्रयागराज के समक्ष की जाऐगी जिसका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा। असहमति की दशा में प्रकरण जिला न्यायालय आगरा के अधिकार में होगा।

**7.** नामांकन प्रमाणपत्र, अनुभव प्रमाणपत्र, CGHS महानिदेशालय, दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन दिनांक **03.10.2025** में दी गई आगरा शहर के लिए लागू CGHS (Non NABL) दरों का प्रत्येक पृष्ठ डाइग्नोस्टिक सेंटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित हो, एक सील बंद लिफाफे में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मंडल रेल चिकित्सालय, आगरा छावनी (उ.प्र.) 282001 के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में समय प्रातः **08:30** बजे से दोपर **03:00** बजे तक जमा होंगे। (शनिवार को प्रातः **08:30** बजे से दोपहर **01:00** बजे तक)।

**8.** नजदीकी डाइग्नोस्टिक सेंटर को प्राथमिकता दी जाऐगी।

**नोटः- जो भी पैथोलॉजी जाँच से सम्बंधित सभी सेवाएँ दे सकते हैं, वे ही आवेदन करें।**

**कृते मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**
**वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी**
**उ. म. रे. चिकित्सालय आगरा छावनी**

**2042/25 (MG)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# निर्वाचक नामावली के एसआईआर के लिए बीएलओ व सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत आज आईआईएमटी कॉलेज, ग्रेटर नोएडा में जनपद के सभी बूथ लेवल अधिकारियों (BLO) एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने की।

प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यप्रणाली एवं उनके दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का यह विशेष अभियान लोकतंत्र की जड़ को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज हो और किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम सूची से न कटे।

जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर



जाकर पात्र नागरिकों से संपर्क करें, उन्हें गणना प्रपत्र वितरित करें और सही ढंग से भरवाने में सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कार्यक्रम के दौरान किसी को कोई कठिनाई या समस्या आती है तो तुरंत जिला प्रशासन को अवगत कराएं, प्रशासन द्वारा हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सारणी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2025 तक विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों के मुद्रण का कार्य किया जाएगा। 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवाएंगे। 9 दिसम्बर 2025 को निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन होगा, 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्ति की अवधि रहेगी, नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि 09 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक तथा 7 फरवरी 2026 को अंतिम निर्वाचक नामावली प्रकाशित की जाएगी।

# ड्रीम ऑरा पैजेंट 2026 देश का सबसे आइकॉनिक ब्यूटी शो है : गुड्डू कुरैशी




**नई दिल्ली।** भारत का सबसे चर्चित और प्रेरणादायक ब्यूटी प्लेटफॉर्म 'ड्रीम ऑरा पैजेंट 2026' लॉन्च किया गया।

संस्थापक गुड्डू कुरैशी ने बताया कि 'ड्रीम ऑरा पैजेंट' केवल एक पैजेंट नहीं, बल्कि एक सोच है जो हर इंसान को अपने सपनों को साकार करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। इस ग्रैंड शो में तीन कैटेगरी शामिल होंगी 'मिस, मिसेज और मिस टीन ड्रीम ऑरा इंडिया 2026' इसका ग्रैंड फिनाले 19 सितम्बर 2026 को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जहाँ प्रतिभा, आत्मविश्वास और सुंदरता का शानदार संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठित आयोजन के पीछे हैं दो प्रेरणादायक व्यक्तित्व डायरेक्टर वेशनवी खातून एवं सह-संस्थापक डॉ जिमी गरिमा का विशेष योगदान है।

हम तीनों का उद्देश्य केवल एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट आयोजित करना नहीं, बल्कि एक ऐसा प्लेटफॉर्म देना है जहाँ हर व्यक्ति अपनी कहानी, अपने सपने और अपनी पहचान को सम्मान के साथ जी सके। सह-संस्थापक डॉ. जिमी गरिमा बताया कि हमारा उद्देश्य प्रतिभागियों को आत्मविश्वास, आत्म-अभिव्यक्ति और उद्देश्य की ताकत देना है। डायरेक्टर वेशनवी खातून ने बताया कि आज हुए भव्य लॉन्च के साथ, ड्रीम ऑरा पैजेंट 2026 ने एक नई यात्रा की शुरुआत की है।

## छात्र पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना नॉलेज पार्क में एक छात्र ने अपने साथी छात्र के खिलाफ मारपीट कर घायल करने का आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्रेटर नोएडा स्थित आईआईएलएम कॉलेज में पढ़ने वाले हरिओम प्रताप सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 30 अक्टूबर को क्लासरूम में बैठकर पढ़ाई कर रहा था। इस दौरान वैभव नामक छात्र उससे बेवजह बहस करने लगा। उसने जब उसे शांत रहने के लिए कहा तो उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। गाली-गलौज का विरोध करने पर वैभव ने उसके सिर पर हाथ में पहने कड़े से प्रहार कर दिया। लोहे का कड़ा सिर में लगने से उसके सिर में अन्य जगहों पर छोटे आई।

हरिओम प्रताप सिंह के मुताबिक उसके सिर में भी कई टांके आए हैं। आरोपी छात्र ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस का कहना है कि पीड़ित छात्र की शिकायत पर आरोपी छात्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# आज से दिल्ली में बीएस-3, बीएस-4 कॉमर्शियल वाहनों का प्रवेश बंद

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में आज से बीएस-तीन वाहनों के प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। दिल्ली में बीएस-तीन के वाहन प्रवेश न करें इसके लिए गुरुग्राम यातायात पुलिस ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली हैं। करीब 120 यातायात कर्मी इस पर नजर रखेंगे और वाहनों को दिल्ली में प्रवेश नहीं करने देंगे। हालांकि बीएस-चार निजी वाहनों को एक साल की छूट दी गई है ,उन्हें नहीं रोका जाएगा।

पुलिस उपायुक्त यातायात डॉ. राजेश मोहन ने बताया कि दिल्ली में केवल बीएस-चार निजी वाहन, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रवेश की अनुमति रहेगी। एंबुलेंस के प्रवेश पर किसी भी तरह की रोक नहीं रहेगी। बीएस-तीन के सभी ट्रक, पिकअप वैन और अन्य व्यावसायिक मालवाहकों को दिल्ली बॉर्डर पर ही रोक दिया जाएगा। उन्हें वहीं से वापस लौटा दिया जएगा। यह निर्णय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हवा



की गुणवत्ता को सुधारने के लिए लिया गया है। प्रतिबंधित वाहनों को अगर उत्तर प्रदेश या हरियाणा के अन्य जिलों में जाना है तो वह कुंडली- मानेसर -पलवल और कुंडली-गाजियाबाद-पलवल से होकर जा सकते हैं।

प्रतिबंधित वाहन प्रवेश न करें इसके लिए यातायात पुलिस की तरफ से सरहौल बॉर्डर, द्वारका एक्सप्रेस-वे और खेड़कीदौला टोल पर विशेष नाके लगाए जाएंगे। खेड़की दौला टोल पर लगे कैमरों से वाहनों की बीएस श्रेणी के बारे में पता चल जाएगा। अगर वह बीएस-तीन के हुए और दिल्ली जा रहे हैं तो उन्हें वहीं से वापस कर दिया जाएगा। एसी ही द्वारका एक्सप्रेस-वे और सरहौल बॉर्डर पर पुलिस वाहनों की जांच करेंगी। इस दौरान एक रजिस्ट्र बनाया जाएगा। रजिस्टर में प्रतिबंधित वाहन चालकों का ब्योरा दर्ज किया जाएगा।

सभी ट्रांस्पोर्टर को इसके बारे में जानकारी दे दी गई है। 120 यातायात पुलिसकर्मी भी वाहनों पर नजर रखने के साथ ही जाम न लगे इस पर ध्यान रखेंगे। किसी भी प्रतिबंधित वाहन को दिल्ली में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

## जनरेटर की बैटरी चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बादलपुर क्षेत्र के बिसनूली गांव स्थित गजराज कॉम्प्लेक्स से चोर एक जनरेटर की बैटरी चोरी कर ले गए। चोरी की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

हरिश्चंद्र का बाग निवासी हरिओम नागर ने बताया कि उनका बिसनूली में गजराज कांपलेक्स है। परिसर में विद्युत व्यवस्था के लिए उन्होंने जनरेटर लगाया हुआ है। 18 अक्टूबर की तड़के करीब 3:00 बजे कुछ अज्ञात चोर ने परिसर में लगे जनरेटर से बैटरी चोरी कर ली।

बैटरी चोरी होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज की पड़ताल की। फुटेज में दिखाई दिया कि चोर एक कार से आए थे। पहचान छुपाने के लिए उन्होंने अपने चेहरे कपड़ों से ढके हुए थे। पीड़ित के अनुसार जिस तरीके से यह घटना को अंजाम दिया गया है उससे लगता है कि कर पूरी तरह से पेशेवर हैं। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और चोरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# 94 करोड़ की कर चोरी का पर्दाफाश

## डीजीजीआई ने जारी किये नोटिस, जुर्माना भी ठोंका

**लखनऊ ( एजेंसी )।** वस्तु एवं सेवाकर आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) की लखनऊ जोनल इकाई ने प्रदेश की 20 लोहे की फर्मों पर करोड़ों की देनदारी निकालते हुए उनके संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही टैक्स न देने या कम देने के आरोप में मोटा जुर्माना ठोंका है। सभी फर्मों पर पेनाल्टी सहित 94 करोड़ की बकायेदारी निकाली गई है। इन फर्मों का कनेक्शन यूपी के कई जिलों के साथ-साथ एमपी में भी है।

डीजीजीआई ने ने विस्तृत जांच के बाद मीना काशी मेटल इंडस्ट्रीज एलएलपी (झांसी व सागर यूनिट), मीना काशी री-रोलर्स प्राइवेट लिमिटेड (दतिया), उनसे जुड़े ट्रांसपोर्टर, वितरक और कामधेनु लिमिटेड सहित कुल 20 फर्मों और व्यक्तियों को शो-कॉज नोटिस जारी किया है। इनका कनेक्शन लखनऊ, कानपुर, देहात, फतेहपुर, झांसी, बरेली, मुरादाबाद, नोएडा, प्रयागराज, वाराणसी सहित कम से कम दो दर्जन जिलों में है।

जांच के अनुसार सितंबर 2019 से जून 2023 के बीच फर्मों ने कामधेनु और के-2 ब्रांड की सरिया की भारी मात्रा में बिक्री बिना टैक्स इनवॉइस के की। टैक्स चोरी की यह स्कीम कच्चे बिलों, कैश पेमेंट और फर्जी डिस्काउंट इनवॉइस पर आधारित थी। जांच में खुलासा हुआ कि कामधेनु लिमिटेड गुरुग्राम (हरियाणा) की फ्रेंचाइजी के रूप में कामधेनु और कामधेनु एनएक्सटी ब्रांड के टीएमटी बार बना रही थीं।

यह कंपनी देशभर में ब्रांड लाइसेंसिंग देती है। डीजीजीआई की रिपोर्ट के अनुसार, कामधेनु के प्रतिनिधि तय करते थे कि कौन-सी खेप 'कच्चे बिल' और कौन-सी 'वैध इनवॉइस' पर भेजी जाएगी। इससे ब्रांड स्तर पर भी निगरानी की कमी या मिलीभगत के संकेत मिले हैं।

**ऐसे हुआ खुलासा**

पूरी कार्रवाई की शुरुआत डीजीजीआई लखनऊ को मिली गुप्त सूचना से हुई। सूचना के मुताबिक कुछ फर्में बिना टैक्स चुकाए कामधेनु ब्रांड की सरिया की बिक्री कर रही थीं। इसके बाद लखनऊ के जानकीपुरम स्थित वितरक रिप्पन कंसल के यहां छापेमारी की गई। फोरेंसिक जांच में 'शकुन' नामक सॉफ्टवेयर से डाटा मिला जिसमें हजारों बिक्री वाउचर दर्ज थे। इनमें 'ङ्ग' निशान वाले वाउचर बिना बिल की सप्लाई को दर्शाते थे। जांच में यह डाटा मीना काशी मेटल इंडस्ट्रीज झांसी व सागर यूनिट से जुड़ा था।

**टैक्स चोरी के पकड़े दो बड़े तरीके**

पहला : क्लैंडेस्टाइन सप्लाई (बिना इनवॉइस)- टीएमटी बार की खेप ट्रांसपोर्ट बिल्टी पर भेजी जाती थी, लेकिन टैक्स इनवॉइस नहीं बनता था।

दूसरा : कम वैल्यू वाले इनवॉइस- जैसे 18 लाख मूल्य की खेप का बिल मात्र 7.36 लाख में बनाकर टैक्स घटा दिया जाता था। इन दोनों तरीकों से सैकड़ों करोड़ का कारोबार टैक्स रिकॉर्ड से बाहर रखा गया।

डीजीजीआई ने सभी यूनिट्स और संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। यदि जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो सीजीएसटी अधिनियम की धारा 74(1) के तहत वसूली और अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी।

डीजीजीआई का निष्कर्ष और कानूनी कार्रवाई

शुरुआती जांच के बाद जारी नोटिस में ही मीनाक्षी मेटल इंडस्ट्रीज एलएलपी झांसी पर लगभग 8.14 करोड़ का सीजीएसटी व 8.14 करोड़ का एसजीएसटी बकाया निकाला गया है। इस पर करीब 16.28 करोड़ की पेनाल्टी व ब्याज है। इस तरह इस फर्म पर लगभग 32.56 करोड़ की देनदारी है।

इससे जुड़ी मीनाक्षी मेटल इंडस्ट्रीज एलएलपी सागर पर 14.79 करोड़ का ब्याज व पेनाल्टी ठोंका गया है। वहीं कामधेनू लिमिटेड व 17 अन्य पर लगभग 48 करोड़ का टैक्स व पेनाल्टी लगाई गई है। इस तरह कुल नोटिस लगभग 94 करोड़ रुपये की है।

# डिजाइनर युवती की बनाई फर्जी इंस्टाग्राम आईडी, डाली प्राइवेट फोटोज

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सोशल मीडिया पर फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर एक प्रतिष्ठित कंपनी में डिजाइनर युवती की प्राइवेट फोटोज डालकर युवती को बदनाम कर डाला। युवती की फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाने वाला आरोपी सोशल मीडिया पर लगातार उसको फॉलो कर रहा है जिससे युवती डरी हुई है।

नोएडा के सेक्टर-12 में रहने वाली प्रिया (काल्पनिक नाम) ने नोएडा के थाना सेक्टर-24 में एफआईआर दर्ज कराई है कि वह एक प्रतिष्ठित कंपनी में डिजाइनर के पद पर काम करती है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम से फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया और उसकी निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर डाल दी। युवती ने आरोप लगाया है कि अज्ञात यूजर्स द्वारा सोशल मीडिया पर उसे फॉलो भी किया जा रहा है और उसका निजी डेटा इकट्ठा कर उसका दुरुपयोग कर रहा है। अज्ञात आरोपी ने इंस्टाग्राम पर उसकी फोटो डालकर उसको ऑफिस में भी बदनाम करने की कोशिश की है।

आरोपी की इस हरकत से युवती काफी डरी हुई है और मानसिक अवसाद में है। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने युवती की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है।




## पृष्ठ एक के शेष....

**9 हजार वर्गमीटर में.....**

यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के 22 अगस्त 2025 के आदेश के बाद लिया गया है, जिसमें नागरिक निकायों को आवारा डॉग्स का नसबंदी, टीकाकरण कर उन्हें वापस उनके क्षेत्र में छोड़ने का निर्देश दिया गया है। हालांकि, रेबीज़ और आक्रामक कुत्ते इसमें शामिल नहीं होंगे और उन्हें शेल्टर में ही रखा जाएगा। वर्तमान में प्राधिकरण सेक्टर-94 में एक शेल्टर चला रहा है, जहां 1,000 कुत्तों की देखभाल हो रही है और प्रतिदिन लगभग 50 कुत्तों की नसबंदी की जाती है। ओएसडी महेंद्र प्रसाद के अनुसार, यहां डॉक्टर नियमित रूप से बीमार और रेबीज़ प्रभावित कुत्तों का उपचार भी करते हैं।

प्राधिकरण दो एनजीओ के साथ शहरभर में रेबीज़ टीकाकरण अभियान भी चला रहा है। साथ ही, नोएडा में 1,200 निर्धारित डॉग फीडिंग पॉइंट्स बनाने की योजना है, जिन्हें आरडब्ल्यूए और स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर तैयार किया जाएगा। 2.5 करोड़ रुपये की इस परियोजना का मकसद फीडिंग व्यवस्था को नियंत्रित करना और निवासियों व डॉग फीडर्स के बीच होने वाले विवाद को कम करना है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, केवल चिन्हित स्थानों पर ही कुत्तों को खाना खिलाया जा सकेगा, अन्यथा कार्रवाई की जा सकती है।

डॉग देख भाल और शिकायतों के समाधान के लिए प्राधिकरण ने हेल्पलाइन नंबर 0120-2425025 जारी किया है और जल्द ही 24 घंटे की टोल-फ्री सुविधा भी शुरू होगी। साथ ही, शहर में आवारा डॉग्स की मैपिंग के लिए सर्वे शुरू किया गया है जिसमें आरडब्ल्यूए, एओए और एनजीओ सहयोग करेंगे। सर्वे में नसबंदी, टीकाकरण और आक्रामक कुत्तों की संख्या व फोटो रिकॉर्ड की जाएगी।

**नोएडा प्राधिकरण के 2 कर्मचारी.....**

एनईए अध्यक्ष चौ. राजकुमार सिंह द्वारा समस्त सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

कार्यक्रम में एसोसिएशन अध्यक्ष चौश राजकुमार सिंह, महासचिव जितेन्द्र कुमार उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा, वीरपाल सचिव नीरज राणा अमित कुमार कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द्र सहित काफी अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**चोरी की बाइक समेत.....**

बाइक के कागजात मांगने पर उसने स्वीकार किया कि उक्त भाई चोरी की है। इस बाइक को उसने कुछ दिन पहले थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के चोटपुर से चोरी किया था। विकास में स्वीकार किया क्यों है चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। चोरी की बाइक पर सवार होकर वह रेकी करने के बाद चोरी करता है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

**बच्चों के विवाद पर .....**

अब्दुल्ला अपने भाई मेहरबान तथा बेटे मोइन के साथ उनकी छत पर पहुंचा और बच्चों के साथ मारपीट शुरू कर दी। बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह छत पर पहुंचा और उसने मारपीट का विरोध किया तो तीनों ने उसके साथ भी गाली-गलौज शुरू कर दी। गाली-गलौज के दौरान ही आरोपियों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान उसे बचाने आई उसकी मां और बहन के साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**छात्रा को भगा....**

थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के असगरपुर गांव में किराए पर रहने वाले रमेश (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी (16 वर्षीय) बेटी जेपी विश टाउन में काम करती थी। 22 अक्टूबर को वह घर से काम करने के लिए गई थी। इसके बाद में वापस घर नहीं लौटी उन्होंने अपने बेटी की काफी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। रमेश ने बांदा निवासी लीलू नामक युवक के खिलाफ अपनी बेटी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

वहीं थाना जारचा में महेश (काल्पनिक नाम) ने अपनी नाबालिक बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने अपने पड़ोसी राहुल व शालू नामक महिला पर शक जाहिर किया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी युवकों तथा लापता किशोरियों की तलाश की जा रही है।

# तेलंगाना कैबिनेट में पहले मुसलमान मंत्री बने कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन

## राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई

**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन ने शुक्रवार को तेलंगाना कैबिनेट में मंत्री के तौर पर शपथ ली। उन्हें राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने राजभवन में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान अजहरुद्दीन ने अल्लाह के नाम पर शपथ ली और आखिर में जय तेलंगाना और जय हिंद के नारे लगाए। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, अन्य मंत्री, स्पीकर, विधान परिषद के चेयरमैन, टीपीसीसी अध्यक्ष और उनके बेटे मोहम्मद असदुद्दीन (हाल ही में टीपीसीसी महासचिव नियुक्त) मौजूद थे। राज्य कैबिनेट ने अगस्त में अजहरुद्दीन को राज्यपाल के कोटे से विधान परिषद सदस्य के तौर पर नॉमिनेट करने का फैसला किया था। उन्हें अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मिलने की संभावना है। वह फिलहाल तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के कार्यकारी अध्यक्ष और इसकी पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के सदस्य हैं। 62 वर्षीय अजहरुद्दीन को 11 नवंबर को होने वाले जुबली



हिल्स विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव से पहले कैबिनेट में शामिल किया गया है।

चुनावी पृष्ठभूमिः वह 2023 में अपने गृह क्षेत्र से चुनाव हार गए थे। वह फिर से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस ने नवीन यादव को मैदान में उतारा और अजहरुद्दीन को कैबिनेट में जगह देने का वादा किया। उनके शपथ ग्रहण के साथ राज्य कैबिनेट में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। (अधिकतम सीमा मुख्यमंत्री सहित 18 है)। वह रेवंत रेड्डी की कैबिनेट में पहले मुस्लिम मंत्री बने है। सत्ताधारी पार्टी को पहले मुस्लिम मंत्री न होने के कारण आलोचना झेलनी पड़ रही थी। 2023 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के सभी प्रमुख मुस्लिम उम्मीदवार हार गए थे। यह कदम मुसलमानों तक पहुंचने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है, जो जुबली हिल्स में मतदाताओं का लगभग 30 प्रतिशत हैं।

वहीं भाजपा ने चुनाव आयोग से कैबिनेट विस्तार की इजाजत न देने की अपील की थी, क्योंकि उनका मानना है कि अजहरुद्दीन को उपचुनाव में वोटर्स के एक खास ग्रुप को खुश करने के लिए मंत्री बनाया जा रहा है, जो मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन है।

कैबिनेट गठन की प्रक्रियाः गठन 7 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और 11 मंत्रियों के शपथ ग्रहण के साथ हुआ था। 8 जून को तीन मंत्रियों को शामिल करके विस्तार किया गया था, लेकिन तीन पद खाली रखे गए थे।

अजहरुद्दीन का राजनीतिक इतिहासः 2009 में कांग्रेस में शामिल हुए और उसी साल उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए। 2014 में राजस्थान के टोंक-सवाई माधोपुर से चुनाव लड़े, पर हार गए। 2018 में तेलंगाना कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## बेमौसम बारिश से यूपी के 20 शहरों में फसलें बर्बाद... योगी सरकार ने सर्वे करने के दिए आदेश

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी, बलिया, मऊ सहित लगभग 20 शहरों में तूफान मोन्था के कारण बेमौसम बारिश हो रही है। इसकारण इन जिलों में खेतों में पानी भर गया है, जिससे कटी पड़ी धान की फसलें बर्बाद हो रही हैं। बलिया और मऊ जैसे जिलों में किसान भीगी फसलों को ऊंची जगहों पर ले जाने को मजबूर हैं। मऊ में एक किसान ने बताया कि उसकी लगभग 70 प्रतिशत फसलें बर्बाद हो गई हैं। किसानों के अनुसार, इतना ही नहीं पशुओं का दाना-चारा सब खराब हो गया है। मोन्था के कारण आई तेज हवाओं से खड़ी धान की फसलें गिर गई हैं, और भीगी फसल में दाने खराब होने और फफूंद लगने की आशंका है।



वहीं उत्तरप्रदेश के वाराणसी में बीते 30 घंटों से रिमझिम बारिश हो रही है और लुढ़कते पारे ने 8 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिससे वाराणसी में अक्टूबर सबसे ठंडा महिना साबित हुआ है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में लगातार तीसरे दिन सूरज के दर्शन नहीं हुए। बनारस के अलावा प्रयागराज, गोंडा, अयोध्या, जौनपुर, गाजीपुर और आजमगढ़ में भी बारिश हो रही है। जिससे आमजन को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को अपनी खराब होती धान की फसलों को लेकर चिंता सता रही है। किसानों को डर हैं कि ये बारिश का दौर यदि कुछ दिन और चल गया तब बची हुई फसल भी बेकार हो सकती है। वहीं किसानों की फसल को हुए नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सर्वेक्षण कराकर आपदा से प्रभावित किसानों को मुआवज़ा देने का निर्देश दिया है। यह बारिश गेहूं, चना, मसूर, मटर और सरसों की बुआई के लिए अच्छी है, क्योंकि मिट्टी में पर्याप्त नमी आ गई है, जिससे बुआई आसान होगी और अंकुरण अच्छा होगा। लेकिन ये बारिश धान के लिए काल बन गई है।

## जयपुर में एक फार्मा कंपनी की जुकाम-एलर्जी की दवाई अमानक मिली

जयपुर (एजेंसी)। जयपुर में एक फार्मा कंपनी की जुकाम-एलर्जी की दवाई अमानक मिली। इस पर इस मेडिसिन को बेचने पर रोक लगा दी गई है। ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को रिपोर्ट जारी कर वाईएल फार्मा कंपनी की जुकाम-एलर्जी में दी जाने वाली दवाई को अमानक माना है। डिपार्टमेंट ने इस फार्मा कंपनी की दूसरी दवाईयों के भी सैंपल लेकर उसकी जांच के आदेश दिए हैं। ड्रग कंट्रोलर फर्स्ट से जारी आदेशों के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के सोलन स्थित कंपनी की दवाई विन्सेट एल नाम से राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के अन्य शहरों में दवाईयां सप्लाई होती हैं। पिछले दिनों इस कंपनी के बैच नं. एलटी25023 सहित अन्य दो बैच के सैंपल लिए गए थे। इन सैंपल की जब जांच की गई, तब दवाई अमानक निकली। यानी जिन सॉल्ट को इस दवाईयों में होना बताया, वह पर्याप्त मात्रा में इसमें नहीं मिले। कंपनी इस दवाई में लेवोसेट्रीजीन और डाइहाइड्रोक्लोराइड सॉल्ट होने का क्लेम करती है। आदेशों में अब ड्रग कंट्रोलर ने इस कंपनी की आने वाली दूसरी दवाईयों के भी सैंपल लेने और उनकी जांच करवाने के आदेश दिए हैं।

## भारत पाकिस्तान सीमा से एक संदिग्ध को पकड़ा- पुलिस जांच में जुटी

जैसलमेर (एजेंसी)। राजस्थान के जैसलमेर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास घूमते एक संदिग्ध दिखने वाले व्यक्ति को बीएसएफ ने पकड़ा है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। सूत्रों के अनुसार, बिहार के अररिया जिले का निवासी मोहम्मद इकबाल (लगभग 40) नामक व्यक्ति को मुरार सीमा क्षेत्र में बीएसएफ जवानों ने नियमित गश्त के दौरान पकड़ा। कथित तौर पर वह प्रतिबंधित सीमा क्षेत्र के पास संदिग्ध तरीके से घूम रहा था। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस ने यह पता लगाने के लिए विस्तृत जांच शुरू कर दी है कि वह बिना किसी रोक-टोक के अत्यधिक प्रतिबंधित क्षेत्र में कैसे पहुंच गया। एक पुलिस सूत्र ने इस मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यधिक संवेदनशील बताते हुए कहा कि उसकी पृष्ठभूमि, यात्रा मार्ग और संभावित उद्देश्यों की पूरी तरह से जांच की जा रही है। इकबाल के संभावित संपर्कों और संचार नेटवर्क का पता लगाने के लिए खुफिया एजेंसियां जांच में जुट गई हैं। बीएसएफ की एक टीम ने तुरंत इकबाल को हिरासत में ले लिया और घटनास्थल पर ही उससे प्रारंभिक पूछताछ की। एक सूत्र ने कहा कि वह व्यक्ति कोई वैध पहचान पत्र या संवेदनशील क्षेत्र में जाने की अनुमति दिखाने में विफल रहा। उन्होंने आगे कहा कि उसके जवाबों से और भी संदेह पैदा हुआ। प्रारंभिक पूछताछ के बाद बीएसएफ ने इकबाल को आगे की जांच के लिए शाहगढ़ पुलिस को सौंप दिया। संदिग्ध के मोबाइल फोन, कॉल रिकॉर्ड और डिजिटल उपकरणों की जांच संभावित संपर्कों या संदिग्ध संचार के लिए की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के इतने करीब इकबाल की मौजूदगी ने संभावित सीमा पार संबंधों या टोही गतिविधि को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं एक सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान सीमा से निकटता को देखते हुए, ऐसी घटनाओं को बहुत गंभीरता से लिया जाता है। अधिकारियों ने आसपास के गांवों में सुरक्षा कड़ी कर दी है और आगे घुसपैठ रोकने के लिए सीमा क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है।

## मराठी अभिनेत्री का खुलासा... रोहित आर्य ने उन्हें भी एक फिल्म प्रोजेक्ट के सिलसिले में बुलाया

मुंबई (एजेंसी)। मराठी अभिनेत्री रुचिता जाधव ने खुलासा किया है कि मुंबई में होस्टेज कांड के आरोपी रोहित आर्य ने उन्हें भी एक फिल्म प्रोजेक्ट के सिलसिले में बुलाया था। दरअसल मुंबई में 31 अक्टूबर को होस्टेज कांड, में रोहित आर्य ने 17 बच्चों, दो महिलाओं और एक बुजुर्ग को बंधक बना लिया था और बाद में पुलिस की कार्रवाई में मारा गया। मराठी फिल्मों की अभिनेत्री रुचिता जाधव ने अपने पोस्ट में बताया कि यही रोहित आर्य कुछ हफ्ते पहले उन्हें एक फिल्म प्रोजेक्ट के लिए बुला रहा था। रिपोर्ट के अनुसार, 4 अक्टूबर को रोहित ने खुद को फिल्ममेकर बताकर रुचिता को मैसेज किया था। रोहित ने बताया कि वह होस्टेज सिचुएशन पर आधारित फिल्म बना रहा है। 23 अक्टूबर को रोहित ने रुचिता से 27, 28 या 29 अक्टूबर को मिलने के लिए पूछा। उन्होंने 28 अक्टूबर को मुलाकात तय की थी। 27 अक्टूबर को रोहित ने उन्हें पवई स्थित एक स्टूडियो की लोकेशन भेजी और अगली सुबह (28 अक्टूबर) आने को कहा। लेकिन रुचिता जाधव ने पारिवारिक कारणों से वह मीटिंग रद्द कर दी थी। इसके बाद 31 अक्टूबर को टीवी पर खबर देखकर कि वही रोहित आर्य पवई में होस्टेज कांड में शामिल था और मारा गया, रुचिता स्तब्ध रह गईं। उन्होंने कहा कि उस दिन को सोचकर वह कांप जाती हैं कि अगर वह चली जातीं, तब क्या होता। उन्होंने भगवान और परिवार का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने उन्हें बाहर जाने से रोक लिया। रुचिता ने अपनी पोस्ट के अंत में लोगों को यह घटना याद दिलाकर कहा कि काम के सिलसिले में किसी नए व्यक्ति से मिलने से पहले बेहद सावधान रहना चाहिए और हमेशा अपने परिवार या दोस्तों को इसकी जानकारी देनी चाहिए।

## आसमान में चक्कर लगाती रही फ्लाइट्स... यात्रियों को हुआ खौफनाक लम्हों का एहसास

जयपुर (एजेंसी)। जयपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले यात्रियों के लिए सफर किसी डरावने अनुभव से कम नहीं था। एक नहीं बल्कि दो इंडिगो फ्लाइट्स के पैसेंजर्स को हवा में उस वक्त खौफनाक लम्हों का सामना करना पड़ा। जब दोनों एयरक्राफ्ट दिल्ली एयरपोर्ट के ऊपर लंबे समय तक होल्ड पर रखे गए। दरअसल, दिल्ली एयरपोर्ट पर देर रात एयर ट्रैफिक कंजेशन बढ़ने के कारण कई फ्लाइट्स को समय पर लैंडिंग क्लियरेंस नहीं मिली। इसी वजह से जयपुर से दिल्ली के लिए रवाना हुई दोनों इंडिगो फ्लाइट्स को आसमान में गोल चक्कर (होल्डिंग पैटर्न) में घूमना पड़ा। पहली फ्लाइट रात 10 बजकर 26 मिनट पर जयपुर से रवाना हुई थी। दूसरी फ्लाइट रात 12 बजकर 6 मिनट पर दिल्ली के लिए उड़ी। दोनों ही फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर लैंड नहीं हुई। इसके बाद दिल्ली एयर ट्रैफिक कंट्रोल की अनुमति मिलने तक करीब 20 से 30 मिनट तक दोनों एयरक्राफ्ट आसमान में लैंडिंग का इंतजार करते रहे। इसके बाद फ्लाइट रात 11 बजकर 50 मिनट पर जबकि दूसरी फ्लाइट रात एक बजकर 16 मिनट पर दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुई। इस दौरान फ्लाइट के निर्धारित वक्त पर पहुंच जाने के बावजूद बार-बार आसमान में घूमने से पैसेंजर्स में घबराहट फैल गई। कुछ पैसेंजर्स ने बताया कि फ्लाइट बार- बार गोल चक्कर काट रही थी। खिड़की से नीचे देखकर ऐसा लग रहा था मानो हम एक ही जगह पर फंसे हुए हैं।

## मेरा दाऊद इब्राहिम से दूर-दूर तक लेना देना नहीं, पर वह आतंकवादी नहीं था

**-अभिनेत्री से साध्वी बनी ममता के बयान से सोशल मीडिया पर मची हलचल**



**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेत्री से साध्वी बनी ममता कुलकर्णी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। ग्लैरस भरी जिंदगी छोड़ अध्यात्मिक राह पर चली ममता अपने बयानों को लेकर चर्चा बटोरती हैं। हाल ही में वह डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर दिए बयान को लेकर खबरों में हैं। हाल ही में जब उनसे गोरखपुर में डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि मेरा दाऊद से दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं था। किसी एक का नाम जरूर था, लेकिन आप देखोगे उसने कोई बम ब्लास्ट या एंटी नेशनल चीज नहीं की थी। देश के अंदर, मैं उनके साथ तो नहीं हूं...वह आतंकी नहीं था, जिनके साथ आप मेरा नाम लेते हो, उन्होंने मुंबई में बम ब्लास्ट नहीं किया। दाऊद को मैं अपने जीवन में कभी नहीं मिली। इस बयान के बाद ममता कुलकर्णी सुर्खियों में हैं।

दरअसल, ममता कुलकर्णी का नाम विक्की गोस्वामी के साथ जुड़ा रहा है, माना जा रहा है कि डॉन दाऊद के सवाल पर विक्की गोस्वामी का नाम लिए बिना कहा कि वो आतंकवादी नहीं थे। ऐसे में दाऊद इब्राहिम के समर्थन में ममता के चौकाने वाले बयान ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है।

अपने ही बयान पर ममता कुलकर्णी ने सफाई देते हुए कहा कि बयान को ठीक तरीके से सुने और साधु-संत विवेक का इस्तेमाल करें। उनका नाम कभी दाऊद से नहीं जुड़ा... कुछ समय के लिए विक्की गोस्वामी से जुड़ा था, लेकिन उसका नाम कभी देश विरोधी गतिविधियों में नहीं आया। बता दें ममता महामंडलेश्वर यमाई किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर लक्ष्मी किन्नर के साथ गोरखपुर में एक कार्यक्रम का हिस्सा बनी। 90 के दशक में अपनी खूबसूरती और एक्टिंग से सबका दिल जीतने वाली ममता कुलकर्णी अब संन्यास ले चुकी हैं और अब महामंडलेश्वर यमाई ममता नंदगिरी बन गई हैं।

# सरदार पटेल ने एकजुट करके आधुनिक भारत का स्वरूप प्रदान किया: कुमार विश्वास

**नोएडा (एजेंसी)।** सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर कवि कुमार विश्वास ने आधुनिक भारत के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के नक्शे को निर्माण करने की दिशा में सरदार वल्लभ पटेल ने उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन नीति नियंताओं की वजह से इस देश को विभाजित करना पड़ा था। ऐसी स्थिति में भारत को एकजुट करने की दिशा में सरदार पटेल के योगदान को सदैव याद किया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कुमार विश्वास ने कहा कि भारत की आजादी के बाद जिस तरह से सभी रियासतों को सरकार पटेल ने एकजुट करके आधुनिक भारत का स्वरूप प्रदान किया, उसे देश कभी नहीं भूल सकता है। आज हम उन्हीं की स्मृति में दौड़ रहे हैं। हम



यह कामना करते हैं कि जिस गति के साथ हमारा देश मौजूदा समय में प्रगति कर रहा है, आगे भी उसी गति के साथ प्रगति करता रहे। देश की प्रगति के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत पर भी कुमार विश्वास ने खुशी जताते हुए कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। बेटियां हमेशा से ही भारत का नाम ऊंचा करती आई हैं। बेटियों ने देश के लोगों को गौरवान्वित किया है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

मिस यूनिवर्स शेरी सिंह ने भी सरदार पटेल की जयंती पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हमारे देश में विवधिता के बावजूद भी एकता बनी रहे। यह हमारी ताकत है। मैं यही चाहूंगी कि हमारे घर की बेटियां खुले आसमान में आगे बढ़े। उन्हें बंधनमुक्त समाज मिले। उन्हें भी आगे बढ़ने की संभावना मिले। यूट्यूबर अमित भड़ाना ने सरकार पटेल की जयंती पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि इस खास मौके पर नोएडा में इतने बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को भी जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी महिला क्रिकेट टीम ने शानदार जीत हासिल की है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। मैच दिलचस्प रहा। भारतीय महिला टीम की जीत उनके सशक्तिकरण का प्रतीक है। सभी महिला खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। गायक गिरिक अमन ने सरदार पटेल की जयंती पर नोएडा पुलिस की तरफ से आयोजित किए गए रन फॉर यूनिटी की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन में शामिल हुए सभी युवाओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है, जो कि हम सभी लोगों के लिए अच्छी बात है। मैं तो चाहता हूं कि इसी तरह का आयोजन आगे भी होते रहे। हमारी ख्वाहिश है कि हमारा भारत सोने की चिड़िया बने।

## बुजुर्ग ने रोकी राबड़ी की कार, कहा- आप राघोपुर को सौतेला मानते हैं, आपदा में भी नहीं आए

पटना (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है। यहां अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशी घर घर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कोशिश के चलते पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी राजद की परंपरागत सीट राघोपुर पहुंची और राजद के लिए वोट मांगे। इसी दौरान एक बुजुर्ग ने उनकी कार रोकी और कहा कि अब चुनाव आ गए है तो वोट मांगने आप लोग आ गए। उस वक्त कहां थे जब हम लोग बाढ की आपदा से जूझ रहे थे। आप लोग राघोपुर को सौतेला बेटा मानते हैं क्या? इस राबड़ी देवी हाथ जोड़ती नजर आईं और जनता के गुस्से के देखते हुए बिना कुछ बोले आगे बढ़ गईं। वायरल वीडियो ने सबका ध्यान खींच लिया है! राबड़ी देवी, जो अपने बेटे तेजस्वी यादव के लिए प्रचार करने राघोपुर पहुंचीं थीं, उन्हें जनता के तीखे सवालों का सामना करना पड़ा। राघोपुर सीट लालू परिवार का परंपरागत गढ़ मानी जाती है। लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी यहां से कई बार विधायक रह चुके हैं, और तेजस्वी यादव भी 2015 से इसी सीट से चुनाव जीतते आए हैं। लेकिन इस बार हालात कुछ बदले-बदले नज़र आ रहे हैं। राबड़ी देवी ने समझाने की कोशिश करते हुए कहा, राघोपुर बिहार का सबसे प्यारा विधानसभा क्षेत्र है। लेकिन बुजुर्ग का गुस्सा शांत नहीं हुआ, उन्होंने जवाब दिया – तेजस्वी बाढ़ में नहीं, सिर्फ चुनाव में घूमते हैं! स्थिति को भांपते हुए राबड़ी देवी ने शांत भाव से बुजुर्ग की बातें सुनीं और हाथ जोड़कर आगे बढ़ गईं।

# राज ठाकरे ने शिंदे को दी चुनौती कहा- अगर नमो सेंटर बनाए गए तो हम तोड़ देंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** कभी हिंदी के नाम पर तो कभी बाहरी के नाम पर आए दिन मारपीट और थप्पड़बाजी के लिए पहचान बना चुकी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना यानी मनसे ने अब एक नया मसला प्रकट किया है। मसला ये है कि खुद मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को खुली चुनौती दी है। उन्होंने कहा है कि अगर ऐतिहासिक किलों पर नमो पर्यटन केंद्र बनाए गए, तो उन्हें तोड़ देंगे। खबरें थी कि राज्य सरकार ने ऐसे केंद्रों के लिए 20 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसके अलावा ठाकरे ने चुनावों में ईवीएम के इस्तेमाल पर भी सवाल उठाए हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में ठाकरे ने मनसे कार्यकर्ताओं से कहा, कुछ अखबारों में खबरें छपी हैं कि राज्य सरकार हमारे छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों पर नमो टूरिज्म सेंटर्स बनाने की योजना बना रही है। यह शहरी विकास विभाग के तहत हो रहा है, जो एकनाथ शिंदे की अगुवाई है। उन्हें एक नमो केंद्र बनाने दो, हम उसे तबाह कर देंगे। ये आम स्थल नहीं हैं। ये स्थल महाराष्ट्र के लिए



पवित्र हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिंदे को लेकर उन्होंने कहा, सिर्फ उपमुख्यमंत्री बने रहने के लिए कितनी चापलूसी की जरूरत है? शायद प्रधानमंत्री को भी अंदाजा नहीं है कि यहां कितनी चटुकारिता हो रही है।

### ईवीएम के मुद्दे पर उद्धव के साथ खड़े है राज

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और मनसे अध्यक्ष राज सहित महाविकास अघाडी के शीर्ष नेता मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं के खिलाफ मुंबई में एक नवंबर को होने वाले विपक्ष के विरोध मार्च का नेतृत्व करेंगे। गुरुवार को उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे और पवार ने यहां एक बैठक की, जिसमें संयुक्त रैली की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। इस बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता नसीम खान, शेतकरी कामगार पक्ष के जयंत पाटिल और वामपंथी दलों के नेता भी मौजूद थे।

### विरोध मार्च का समर्थन करेगी कांग्रेस

पूर्वी महाराष्ट्र में गृहनगर बुलढाणा में पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि उनकी पार्टी विरोध मार्च का पूरी तरह से समर्थन करती है। हालांकि, खुद मार्च में भाग लेने के सवालों को वह टाल गए। सपकाल ने कहा, कोई एक नेता महत्वपूर्ण नहीं हैं। जो भी जाएगा, वह पार्टी का प्रतिनिधित्व करेगा। महत्वपूर्ण बात मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित करने और उन्हें अपडेट करने की मांग है। यह मुद्दा (मतदाता सूचियों में अनियमितताओं का) सबसे पहले कांग्रेस ने उठाया था।

# साल 2025 में अब तक 2,790 भारतीयों को अमेरिका से भारत भेजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों को ट्रंप प्रशासन ने वापस भारत भेज दिया है। साल 2025 में अब तक 2,790 भारतीयों को अमेरिका से वापस भेजा गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ये व्यक्ति मानदंडों को पूरा नहीं करते थे और वहां अवैध रूप से रह रहे थे। उन्होंने कहा, इस साल जनवरी से अब तक हमारे पास ऐसे लगभग 2,790 से अधिक भारतीय नागरिक हैं जो मानदंडों को पूरा नहीं करते थे। वे वहां अवैध रूप से रह रहे थे। हमने उनकी साख और राष्ट्रीयता की जांच की। वे लौट आए हैं।



प्रवक्ता जायसवाल ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक मामले की जांच की गई ताकि व्यक्ति की भारतीय राष्ट्रीयता की पुष्टि हो सके, उसके बाद ही प्रत्यावर्तन किया गया। उन्होंने कहा, हमने उनकी साख और राष्ट्रीयता की जांच की, उसके बाद वे लौटे। उन्होंने जोर दिया कि निर्वासन भारत और अमेरिकी अधिकारियों के बीच स्थापित कानूनी और कूटनीतिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए किए गए।

अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश करने वाले भारतीय नागरिकों की संख्या में तेज गिरावट आई है, जो चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा की ओर से यह जानकारी दी गई। अक्टूबर 2024 से सितंबर 2025 के बीच अमेरिकी अधिकारियों ने बिना अनुमति के देश में प्रवेश करने की कोशिश करने वाले 34,146 भारतीयों को हिरासत में लिया, जो पिछले वित्तीय वर्ष में दर्ज 90,415 हिरासतों से 62 प्रतिशत की गिरावट है। 28 अक्टूबर को जारी रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने इसे ऐसी घटनाओं में तेज और निरंतर गिरावट बताया है।एमईए प्रवक्ता ने यूनाइटेड किंगडम से निर्वासन के सवालों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस साल सत्यापन के बाद लगभग 100 भारतीय नागरिकों को वापस भेजा गया है। उन्होंने कहा, यूके की ओर से इस साल हमारे पास लगभग 100 भारतीय नागरिक हैं जिन्हें उनकी राष्ट्रीयता की हमारी ओर से उचित जांच के बाद निर्वासित किया गया है। भारत और उसके अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के बीच अवैध प्रवेश और वीजा ओवरस्टे का मुद्दा गरमाया हुआ है। ये आंकड़े अवैध प्रवासन को अधिक प्रभावी ढंग से रोकने के चल रहे प्रयासों को उजागर करते हैं।

# अब राफेल होगा और अधिक शक्तिशाली, वायूसेना को मिलेंगी मेटेओर मिसाइल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर में मिली बड़ी कामयाबी के बाद भारतीय वायूसेना में और जेश भर गया है। इसके बाद से सेना के अपडेट होने की गति भी बढ़ी है। इसी कड़ी में अब भारतीय वायुसेना अब अपनी मारक क्षमता को और मजबूत करने जा रही है। जल्द ही बड़ी संख्या में 'मेटेओर एयर-टू-एयर मिसाइलें खरीदने की योजना बना रही है। ये मिसाइलें भारत की बियॉन्ड-विजुअल-रेंज (बीवीआर) क्षमता को नई ऊंचाई देंगी। इन यूरोपीय निर्मित मिसाइलों में रैमजेट प्रणोदन प्रणाली है, जो इन्हें उच्च गति, लंबी मारक दूरी और 'पहला वार, पहली जीत में दक्षता प्रदान करती है।बता दे कि पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना पाकिस्तान को नाक से चने बीनने को मजबूर कर दिया था।

एमबीडीए कंपनी से इन मिसाइलों की खरीद का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय में विचाराधीन बताया जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, जल्द ही उच्चस्तरीय बैठक में इसे मंजूरी मिलने की संभावना है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास 2016 में फ्रांस से खरीदे गए 36 राफेल लड़ाकू विमानों पर पहले से ही मेटेओर मिसाइलें तैनात हैं। आने वाले वर्षों में भारतीय नौसेना के लिए आदेशित 26 राफेल मरीन जेट्स में भी इन मिसाइलों को शामिल किया जाएगा। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, मेटेओर मिसाइलों की नई खेप मिलने के बाद भारत की हवाई सीमा सुरक्षा और दुश्मन पर दूर से प्रहार करने की क्षमता में गुणात्मक वृद्धि होगी।

भारत ने विदेशी मिसाइलों के साथ-साथ अपनी स्वदेशी मिसाइल प्रणाली को भी सशक्त करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। डीआरडीओ वर्तमान में 700 से अधिक 'अस्त्र मार्क-2' मिसाइलें विकसित कर रहा है, जिनकी मारक क्षमता 200 किलोमीटर से अधिक होगी। इन्हें सुखोई-30 और तेजस विमानों पर लगाया जाएगा। वहीं, राफेल बेड़े को मेटेओर मिसाइलों के साथ-साथ भविष्य में स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइलें देने की भी योजना है। बता दें कि मई में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों और आतंकी अड्डों को सटीक हमलों में नष्ट कर दिया था। भारतीय लड़ाकू विमानों ने लंबी दूरी से दुश्मन ठिकानों को निशाना बनाया, जिसके बाद पाकिस्तानी वायुसेना ने चीनी पीएल-15 मिसाइलों से जवाबी हमला किया, लेकिन कोई उल्लेखनीय नुकसान नहीं पहुंचा सकी। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान ने बड़ी संख्या में चीनी पीएल-15 मिसाइलें दागीं मगर वे भारतीय विमानों को हिट करने में नाकाम रहीं।



# देवउठनी एकादशी पर दान की महिमा

## बरसेगी विष्णुजी की कृपा, आर्थिक संकट और समस्त बाधाएं होंगी दूर

देवउठनी एकादशी का हिंदू धर्म में खास महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की निद्रा से जागृत होते हैं और इसी के साथ चातुर्मास का भी अंत हो जाता है। ऐसे में देवउठनी एकादशी को कुछ खास उपाय और दान करना बहुत उत्तम फलदायी माना जाता है। इससे विष्णुजी की कृपा प्राप्त होती है, आर्थिक तंगी दूर हो सकती है और जीवन की बाधाओं से भी छुटकारा मिल सकता है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवउठनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। हिंदू धर्म में इस एकादशी का बहुत खास महत्व होता है। इस दिन भगवान विष्णु क्षीरसागर में चार माह तक शयन करने के बाद जागृत होते हैं। इसी के साथ चातुर्मास का भी समापन हो जाता है। ऐसे में अगर आप देवउठनी एकादशी पर विधि-विधान से पूजा करने के साथ-साथ कुछ ज्योतिष उपाय और दान कर लें तो इससे बेहद उत्तम फल की प्राप्ति होती है और जीवन में चल रही समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही, इस एकादशी को किए जाने वाले उपायों और दान से कुंडली में ग्रह-नक्षत्रों पर भी शुभ प्रभाव पड़ता है। तो आइए विस्तार से जानें देवउठनी एकादशी के दान और उपाय...



**अटके कार्यों की बाधाएं दूर करने का उपाय**

देवउठनी एकादशी को प्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन शाम को प्रदोष काल के वक्त तुलसी और पीपल के पेड़ के पास 5 घी के दीये जरूर जलाने चाहिए। साथ ही, 'ओम नमो भगवते नारायणाय' मंत्र का जाप करते हुए 7 या 21 बार वृक्ष की परिक्रमा करें। इस उपाय को करने से जातक को जरूरी कार्यों में आ रही बाधाओं से मुक्ति मिल सकती है और बिगड़े काम भी बनने शुरू हो सकते हैं। लेकिन भूलकर भी देवउठनी एकादशी को तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ने चाहिए। इससे अशुभ फल की प्राप्ति हो सकती है।

**जीवन में तरक्की और सुखद दांपत्य जीवन का उपाय**

इस खास एकादशी को तुलसी की पूजा अवश्य करनी चाहिए। इसके साथ ही पौधे के तने में एक लाल रंग कलावा या धागा बांध दें। इसके बाद, वहां बैठकर श्रद्धापूर्वक तुलसी चालीसा का पाठ करें। साथ ही, तुलसी पर चूड़ी, सिंदूर, बिंदी, चुनरी और बिछिया अर्पित करें। अगले दिन सुबह सुहाग के सामान को तुलसी के पास से उठाकर किसी जरूरतमंद सुहागिन महिला को दान कर दें और उनका आशीर्वाद भी जरूर लें। देवउठनी एकादशी पर इस सरल उपाय को करने से दांपत्य जीवन सुखद बना रहता है। साथ ही, परिवार के सदस्यों को जीवन में तरक्की और खुशहाली प्राप्त होती है।

**आर्थिक तंगी दूर करने का उपाय**

अगर आप घर या कारोबार में चल रही आर्थिक समस्याओं से परेशान हैं तो देवउठनी एकादशी के दिन एक छोटा सा उपाय आजमा सकते हैं। इसके लिए तुलसी के पौधे पर कच्चा दूध अर्पित करें और गमले के सामने एक घी का दीपक जरूर जलाएं। मान्यता है की तुलसी के पौधे में माता लक्ष्मी का वास होता है। ऐसे में अगर आप देवउठनी एकादशी के दिन यह उपाय करते हैं, तो इससे धन की देवी लक्ष्मीजी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही, इस दिन आप तुलसी की जड़ में गन्ने का रस भी चढ़ा सकते हैं। ऐसा करने से जातक को घर और कारोबार में चल रही आर्थिक तंगी से छुटकारा मिल सकता है और धन-धान्य में वृद्धि होने लगती है।

**देवउठनी एकादशी पर क्या दान करें?**

गर्म और ऊनी वस्त्र करें दानदेवउठनी एकादशी को आप विधि-विधान से पूजा करने के बाद किसी गरीब या जरूरतमंद व्यक्ति को गर्म और ऊनी कपड़े दान कर सकते हैं। अब सर्दी का मौसम दस्तक देने लगा है। ऐसे में अगर आप किसी जरूरतमंद को गर्म कपड़े दान करते हैं तो इससे बेहद पुण्य फल की प्राप्ति होती है। साथ ही, स्वास्थ्य अच्छा बना रहता है और कुंडली में ग्रहों पर भी शुभ प्रभाव पड़ता है। ऐसे में आपको जीवन की कई समस्याओं व बाधाओं से छुटकारा मिल सकता है।

**सात प्रकार के अनाज करें दान**

एकादशी के खास मौके पर आप किसी जरूरतमंद या गरीब व्यक्ति को 7 प्रकार के अलग-अलग अनाज जैसे- गेहूं, जौ, बाजरा, चावल आदि दान कर सकते हैं। ऐसी मान्यता है कि किसी जरूरतमंद को अनाज दान करने से घर में कभी भी अन्न-धन की कमी नहीं होती है। साथ ही, जातक को धन संबंधी समस्याओं से निजात मिल सकती है और कारोबार में खूब तरक्की प्राप्त होती है।

**सुहाग का सामान करें दान**

दांपत्य जीवन में खुशहाली बनाए रखने के लिए आप देवउठनी एकादशी पर किसी जरूरतमंद सुहागिन महिला को सुहाग का सामान दान कर सकते हैं। इसके लिए पहले सुहाग का सामान तुलसी पर अर्पित करना चाहिए और फिर, किसी जरूरतमंद सुहागिन को इसे दान कर दें। इससे माता लक्ष्मी की भी विशेष कृपा प्राप्त होती है और वैवाहिक जीवन में आने वाली परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है।

# घर पर कैसे करें तुलसी और शालिग्राम का विवाह



हिंदू धर्म में तुलसी विवाह का विशेष महत्व माना गया है। यह पर्व हर साल देवउठनी एकादशी के दिन मनाया जाता है, जब भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से जागते हैं। इस दिन तुलसी माता और भगवान शालिग्राम (विष्णु स्वरूप) का विवाह बड़ी श्रद्धा और विधि-विधान से संपन्न किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस शुभ अवसर पर तुलसी विवाह कराने से कन्यादान के समान पुण्य प्राप्त होता है और घर में सुख-शांति व समृद्धि का वास होता है। जो लोग अपनी संतान में पुत्री नहीं होने के कारण कन्यादान नहीं कर पाते, उनके लिए तुलसी विवाह विशेष रूप से शुभ माना गया है। इस दिन घरों में सुंदर मंडप सजाया जाता है, तुलसी के पौधे को वधू का रूप दिया जाता है और भगवान शालिग्राम को वर के रूप में स्थापित कर विवाह संस्कार किया जाता है। आइए जानें तुलसी विवाह की संपूर्ण विधि और इसके लिए आवश्यक पूजन सामग्री कौन-कौन सी होती है।

**तुलसी विवाह महत्व**

हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल तुलसी विवाह 2 नवंबर को मनाया जाएगा। कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को भगवान विष्णु के शालिग्राम रूप और तुलसी माता का पवित्र विवाह संपन्न किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि तुलसी विवाह करवाने से कन्यादान के समान पुण्य प्राप्त होता है और घर में सुख-शांति व समृद्धि का आगमन होता है।

**तुलसी विवाह आवश्यक सामग्री**

तुलसी का पौधा
भगवान विष्णु या शालिग्राम की प्रतिमा
लाल वस्त्र और चुनरी
पूजा की चौकी
कलश और आम के पत्ते
श्रृंगार सामग्री (सिंदूर, बिंदी, मेहंदी, बिछुए आदि)
फल (मूली, आंवला, अमरुद, सिंघाड़ा, शकरकंद आदि)
केले के पत्ते, हल्दी की गांठ, नारियल
कपूर, रोली, गंगाजल, घी, धूप, चंदन

**पूजा विधि**


तुलसी के गमले को गेरू से सजाकर चौकी पर रखें। दूसरी चौकी पर भगवान शालिग्राम की स्थापना करें। गन्ने से मंडप तैयार करें। कलश में जल भरकर पांच आम के पत्ते लगाएं।

दीपक जलाकर तुलसी और शालिग्राम पर गंगाजल छिड़कें। तुलसी माता को चुनरी ओढ़ाएं और श्रृंगार करें।पुरुष व्यक्ति द्वारा भगवान शालिग्राम को हाथ में लेकर तुलसी की सात परिक्रमा कराई जाती है। अंत में आरती कर विवाह पूर्ण माना जाता है।

# शनिवार को काले तिल के उपाय से शनि दोष होगा दूर

## जीवन में मिलेगी तरक्की और धन में होगी दोगुना वृद्धि





शनिवार का दिन शनिदेव को समर्पित माना गया है। ऐसे में शनिवार को विधि-विधान से शनिदेव की पूजा अवश्य करनी चाहिए। जिसमें काले तिल का प्रयोग करने का विधान भी बताया गया है। वहीं, इस शनिवार को एकादशी का उत्तम संयोग भी बन रहा है। ऐसे में अगर आप शनि दोष का सामना कर रहे हैं या जीवन में एक के बाद एक समस्याएं आ रही हैं तो शनिवार को काले तिल के उपाय करके देख सकते हैं। इससे तरक्की मिलती है और धन में भी वृद्धि हो सकती है। हिंदू धर्म में शनिवार का दिन न्याय के देवता शनिदेव को समर्पित माना गया है। ऐसे में इस दिन भक्त उनकी विधि-विधान से पूजा करते हैं और काले तिल भी जरूर अर्पित करते हैं। वहीं, इस शनिवार को एकादशी का संयोग भी बन रहा है। ऐसे में अगर आप शनिदोष के चलते जीवन में लगातार समस्याओं का सामना कर रहे हैं, तो इसके लिए शनिवार को काले तिल से जुड़े कुछ विशेष और सरल उपाय आजमा सकते हैं। शनिवार को श्रद्धापूर्वक काले तिल के उपाय करने से जातक को शनि के बुरे प्रभावों से राहत मिल सकती है। ऐसे में जीवन में तरक्की प्राप्त होती है और धन-धान्य में भी वृद्धि हो सकती है। तो आइए विस्तार से जानें शनिवार को काले तिल के उपाय...

**जल में आंवला और काले तिल मिलाकर स्नान करें**

शनिवार के दिन स्नान करने के जल में आधा आंवला और थोड़े काले तिल मिला लें। अब इस पानी से नहाएं और साथ ही, 'गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती, नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु।' मंत्र का जाप करते हुए स्नान करें। इस उपाय को करने से अरोग्य की प्राप्ति होती है और पापों से भी मुक्ति मिल सकती है। साथ ही, इससे जीवन में सुख-समृद्धि के संयोग बनेंगे और भाग्य चमकने के रास्ते भी खुल सकते हैं।

**इस उपाय से विष्णुजी की कृपा होगी प्राप्त**

इस शनिवार को देवउठनी एकादशी का भी शुभ संयोग बन रहा है। ऐसे में अगर आप इस दिन काले तिल का विशेष उपाय कर लें तो इससे शनिदेव के साथ-साथ विष्णुजी की भी कृपा प्राप्त हो सकती है। इसके लिए काले तिल, शहद और घी को एक साथ मिलाकर 'ऐते तिलाः ओ भगवान विष्णु नमः समर्पियामि' बोलते हुए भगवान विष्णु को 11 बार अर्पित करें। इस उपाय को करने से जातक को जीवन में चल रही समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है और घर में भी सुख-शांति बनी रहती है।

**जल में मिलाकर पिएं काले तिल**

शनिवार के दिन काले तिल का खास महत्व होता है। इस दिन जल में काले तिल मिलाकर उसका सेवन करना बहुत फलदायी माना जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से शरीर की शुद्धि होती है और पापों का भी नाश हो सकता है। साथ ही, इस दिन आप काले तिल के लड्डू बनाकर भगवान विष्णु को भी अर्पित कर सकते हैं। बाद में लड्डू को प्रसाद के रूप में स्वयं भी ग्रहण करें। इस उपाय को करने से जातक को धन संबंधी समस्याओं से राहत मिल सकती है और जीवन में तरक्की हासिल होती है।

**काले तिल का दान करें**

अगर आप शनि के बुरे प्रभावों का सामना कर रहे हैं और बनते हुए कार्य भी बार-बार बिगड़ रहे हैं तो शनिवार को एक सरल उपाय आजमा सकते हैं। इसके लिए सुबह स्नानादि करने के बाद शनिदेव की विधि-विधान से पूजा करें और सरसों का तेल भी जरूर अर्पित करें।


इसके बाद, किसी गरीब या जरूरतमंद व्यक्ति को सवा किलो तिल का दान करें। इस उपाय को करने से जातक को शनि दोष से राहत मिल सकती है और शनिदेव की कृपा से कारोबार में उन्नति प्राप्त हो सकती है।

**विष्णुजी के सामने जरूर जलाएं अखंड दीप**

देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा की जाती है। साथ ही, इस दिन शनिवार पड़ने से शनिदेव की पूजा करने का भी विधान होता है। ऐसे में रात के समय एक तिल का अखंड दीपक मंदिर में विष्णु भगवान के सामने जरूर जलाएं। ऐसा करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है और करियर में आने वाली समस्याओं से भी आपको छुटकारा मिल सकता है। शनिवार को इन उपायों को करने से जातक को धन संबंधी समस्याओं से भी मुक्ति मिल सकती है और धन-धान्य में वृद्धि होती है।

# भीष्म पितामह की पांडवों को सीख

## भक्ति से दुख खत्म नहीं होते हैं, बल्कि दुखों को सहने की और उन्हें दूर करने की शक्ति मिलती है



महाभारत का युद्ध समाप्त हो गया था। दुर्योधन मारा जा चुका था और पांडव जीत गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे। उनके शरीर में असंख्य बाण चुभे हुए थे, फिर भी उनके चेहरे पर तेज था। युद्ध के बाद श्रीकृष्ण पांडवों को लेकर भीष्म के पास पहुंचे। पितामह का शरीर घायल था, लेकिन मन शांत और स्थिर था। श्रीकृष्ण चाहते थे कि पांडव उनसे राजधर्म और जीवन का ज्ञान प्राप्त करें। जब सभी उनके पास पहुंचे तो सभी ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू हैं। भीष्म के आंसू देखकर पांडवों को आश्चर्य हुआ। युधिष्ठिर ने श्रीकृष्ण से पूछा कि हे कृष्ण, पितामह तो तपस्वी हैं, उन्हें इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है, फिर भी वे

**मृत्यु के भय से क्यों रो रहे हैं?**

श्रीकृष्ण बोले कि आओ, उनसे ही पूछते हैं। जब श्रीकृष्ण ने पितामह से इसका कारण पूछा, तो भीष्म ने कहा कि मधुसूदन, आप तो जानते ही हैं कि मेरे आंसू मृत्यु के भय से नहीं हैं। मैं तो आपकी लीला देखकर भावविभोर हुआ हूं। मेरे मन में ये विचार आया कि जिन पांडवों के रक्षक स्वयं श्रीकृष्ण हैं, जिनके जीवन में साक्षात भगवान हैं, उन पर भी विपत्तियां लगातार आती रहीं। द्रौपदी का अपमान हुआ, वनवास मिला, युद्ध लड़ना पड़ा, दुखों की श्रृंखला कभी थमी नहीं।

भीष्म ने आगे कहा कि इतना सोचने के बाद मेरे मन में ये भाव जागा कि भगवान का साथ होने का यह अर्थ नहीं है कि जीवन में दुख नहीं होंगे। दुख तो आएंगे ही, लेकिन जो ईश्वर पर विश्वास रखता है, उसे उन दुखों से निपटने की अतिरिक्त शक्ति अवश्य मिलती है। बस, यही सोचकर मेरी आंखें भर आईं। भीष्म ने संदेश दिया कि ईश्वर की उपस्थिति दुखों को खत्म नहीं करती है, बल्कि उन्हें सहने की और उनसे लड़ने की शक्ति देती है।

**भीष्म पितामह की पांडवों को सीख**

**धैर्य ही सबसे बड़ा बल है – भीष्म ने बाणों की शय्या पर भी धैर्य और संयम बनाए रखा। परिस्थितियां चाहे कितनी भी विपरीत हों, धैर्य ही हमें सही निर्णय तक ले जाता है।**

कठिनाइयां जीवन का हिस्सा हैं - ऐसा कोई नहीं है, जिसके साथ कठिनाइयां न हों। पद, प्रतिष्ठा या भक्ति किसी को भी कष्टों से मुक्त नहीं करती। कठिनाइयों को सीखने का अवसर समझें। जब आप चुनौती को अवसर के रूप में देखने लगते हैं तो भय दूर हो जाता है और आत्मविश्वास बढ़ता है।

सकारात्मक सोच शक्ति देती है - भीष्म पितामह का संदेश ये है कि भगवान की भक्ति या सकारात्मक सोच हमें दुखों से बचाती नहीं है, बल्कि उन्हें झेलने की शक्ति देती है। हमें अपनी आस्था को आत्मविश्वास का स्रोत बनाना चाहिए। ईश्वर पर और खुद पर भरोसा रखेंगे तो परिस्थितियां जल्दी बदल सकती हैं। धैर्य ही सबसे बड़ा बल है - भीष्म ने बाणों की शय्या पर भी धैर्य और संयम बनाए रखा। परिस्थितियां चाहे कितनी भी विपरीत हों, धैर्य ही हमें सही निर्णय तक ले जाता है। तनाव या क्रोध की स्थिति में कोई बड़ा निर्णय न लें। शांत मन से सोचेंगे तो सही निर्णय तक पहुंच जाएंगे। कृतज्ञता का भाव रखें - भीष्म मृत्यु के क्षणों में भी ईश्वर के प्रति कृतज्ञ हैं।

मुश्किल समय में भी हमें अपने इष्टदेव पर भरोसा रखना चाहिए और जीवन में जो कुछ अच्छा मिला है, उसके कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। तभी मन शांत रह सकता है। हमें रोज रात को सोने से पहले कुछ समय सेल्फ रिव्यू के लिए निकालना चाहिए। दिनभर हमने क्या अच्छा किया, कहां गलती हुई। अपनी गलतियों को समझें और उन्हें न दोहराने का संकल्प लें। यही सुख-शांति पाने का तरीका है।

# नवंबर में प्रदोष व्रत कब ?

हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का सबसे शुभ अवसर है। इस दिन शिव पूजन करने से जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं और सुख-समृद्धि भी वास करती हैं। यह व्रत प्रत्येक माह के शुक्ल और कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर रखा जाता है। इस दिन सूर्यास्त के बाद महादेव की उपासना का विधान है। इस दौरान शिवलिंग पर जलाभिषेक करने का खास महत्व होता है। इसके प्रभाव से भाग्य में वृद्धि होती हैं। साथ ही रोग-तनाव जैसी समस्याएं समाप्त होती हैं। वर्तमान में कार्तिक माह चल रहा है और इस माह में प्रदोष व्रत 3 नवंबर को रखा जाएगा। ऐसे में आइए इस दिन के शुभ योग और महत्व को जानते हैं।

**नवंबर में पहला प्रदोष व्रत कब है ?**

इस बार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 3 नवंबर को सुबह 5 बजकर 7 मिनट से प्रारंभ हो रही है। तिथि का समापन 4 नवंबर को देर रात 2:05 मिनट पर है। उदया तिथि के मुताबिक, 3 नवंबर को प्रदोष व्रत रखा जाएगा, जो कार्तिक माह का अंतिम और नवंबर का पहला प्रदोष व्रत है।



**शुभ मुहूर्त**

प्रदोष व्रत में शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 34 मिनट से प्रारंभ होकर रात 8:11 मिनट तक बना रहेगा। अमृत चौघड़िया शाम में 4 बजकर 12 मिनट से 5 बजकर 34 मिनट तक। चल चौघड़िया शाम में 5 बजकर 34 मिनट से 7 बजकर 12 मिनट तक। गोधूलि मुहूर्त 5 बजकर 34 मिनट से 6 बजे तक।

**पूजा विधि**

प्रदोष व्रत की पूजा के लिए चौकी पर लाल रंग का वस्त्र बिछाएं। फिर महादेव संग शिव परिवार की मूर्ति या तस्वीर को स्थापित करें। शिवलिंग पर जल, शहद और दूध से अभिषेक करें। महादेव को चंदन लगाएं अब पूरे शिव परिवार को फूल माला पहनाएं।

इस दौरान पार्वती माता को सुहाग की चीजें अर्पित करें। यह शुभ होता है।

इसके बाद शिव जी को बेलपत्र और शमी का फूल अर्पित करें। फिर शुद्ध देसी घी से दीपक जलाएं।

मिठाई का भोग लगाएं और सुख-समृद्धि की कामना करें।

अंत में महादेव की आरती करें और अपनी क्षमतानुसार साबुत अनाज जैसे गेहूं, चावल आदि का दान कर सकते हैं।

**महामृत्युंजय मंत्र**

ऊँ हौं जूं सः ऊँ भुर्भवः स्वः ऊँ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। ऊर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात ऊँ भुवः भूः स्वः ऊँ सः जूं हौं ऊँ।।

सुख और शांति प्राप्त करने का मंत्र

ऊँ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि
तन्नो रुद्रः प्रचोदयात!

# सातवें आसमान पर श्रद्धा दास

श्रद्धा दास इस समय बहुत खुश है। उसकी वैब सीरीज 'सर्च : द नैना मर्डर केस' में उसके रोल ने उसे नामी फिल्मी वैबसाइट 'आई. एम. डी. बी. ' की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में टॉप पर पहुंचा दिया है।

इसके साथ ही वह शाहरुख खान, सलमान खान, जान्हवी कपूर, कियारा आडवाणी और कोंकणा सेन शर्मा जैसी हस्तियों से आगे निकल गई है।




अपनी 'आई. एम. डी. बी. ' रैंकिंग में इस नाटकीय उछाल के बारे में जानकर उसने अपना आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा, मुझे इस बारे में पता नहीं था, जब तक कि मेरे एक दोस्त ने मुझे इसके बारे में नहीं बताया और मैं 15वें स्थान से 4 वें स्थान पर आने के कारण बहुत अभिभूत और हैरान थी !

सीरीज में 'रक्षा' का किरदार निभाने वाली श्रद्धा ने नई पहचान का श्रेय दर्शकों के प्यार को देते हुए कहा, मुझे नहीं पता था कि 'सर्चः द नैना मर्डर केस' में मेरा किरदार दर्शकों से इतना प्यार दिलाएगा ! मैं आभारी महसूस कर रही हूं ! और सीरीज भी सुपरहिट है !!!' आई.एम.डी.बी.' चार्ट्स पर एक सपना हुआ सच !

फिल्म इंडस्ट्री के कुछ सबसे बड़े नामों के साथ सूचीबद्ध होना उस जैसी अभिनेत्री के लिए एक बड़ी बात है, जिसने मुख्य रूप से दक्षिण भारतीय सिनेमा (तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों) के साथ-साथ कुछ हिंदी और बंगाली प्रोजैक्ट्स में भी काम किया है।

अपने करियर पर बात करते हुए श्रद्धा ने कहा, "मैं सालों से इन कलाकारों को देखती आई हूं और सिर्फ उसी सूची में होना ही मेरे लिए सम्मान की बात है! लेकिन सूची में शीर्ष पर होना कल्पना से परे है। मैं लंबे समय से काम कर रही हूं, लेकिन आखिरकार मुझे मेरा हक मिल रहा है।

जब लोकप्रियता में अचानक आए उछाल के कारण के बारे में पूछा गया, जो प्लेटफॉर्म पर सैलिब्रिटी प्रोफाइल के पेज व्यूज को मापता है, तो उसने अनुमान लगाया कि इस सीरीज की पहुंच और अलग-अलग भाषाओं में किए गए उसके काम ने इसमें एक बड़ी भूमिका निभाई है। क्षेत्रीय दर्शकों के प्रभाव को स्वीकार करते हुए उसने कहा, "हां, शायद यही कारण हो सकता है ! इसे डब भाषाओं में भी दर्शकों ने जरूर देखा होगा ।

# सिनेमाहॉल वाला रोमांच घर पर नहीं

**जब कोई फिल्म कुछ नया या बड़ा अनुभव देने का वादा करती है - चाहे वह कहानी हो, संगीत हो या बस वह 'मैजिक' तब दर्शक खुद-ब-खुद सिनेमाहॉल पहुंच जाते हैं। सिनेमाहॉल की अपनी जगह हमेशा रहेगी।**



साल 2025 पूजा हेगड़े के लिए काफी अच्छा साबित हो रहा है। शाहिद कपूर के साथ फिल्म 'देवा' तथा 'रैट्रो' में सूर्या के साथ उसके अभिनय को काफी सराहना मिली और रजनीकांत की 'कुली' में उसकी स्पैशल अपीयरैंस को भी लोगों ने खूब पसंद किया।

आज जब बड़े-बड़े नाम भी हिट की गारंटी नहीं हैं, पूजा ' मानती है कि फिल्म इंडस्ट्री को कुछ नया करना होगा । वह कहती है, "हां, अब चीजें पहले से अधिक अनिश्चित हैं लेकिन मुझे लगता है कि लोग बड़े पर्दे के अनुभव दूर नहीं हुए हैं- उन्हें बस वापस जाने की कोई वजह चाहिए। वह जो इमोशन, स्केल, रोमांच और लोगों के साथ फिल्म देखने का मजा होता है, वह घर पर नहीं मिल सकता । जब कोई फिल्म कुछ नया या बड़ा अनुभव देने का वादा करती है चाहे वह कहानी हो, संगीत हो या बस वह ' मैजिक' - तब दर्शक खुद-ब-खुद सिनेमाहॉल पहुंच जाते हैं। सिनेमाहॉल की अपनी जगह हमेशा रहेगी, हमें बस उन्हें ऐसा कुछ देना होगा जिसके लिए वे घर से बाहर निकलें।

पूजा की आने वाली फिल्मों में साऊथ के सुपरस्टार विजय के साथ 'जना नायगन' और वरुण धवन के साथ 'है जवानी तो इश्क होना है' शामिल हैं। तो क्या किसी बड़े मेल को-स्टार का नाम फिल्म चुनने के उसके फैसले को प्रभावित करता है, पर पूजा कहती है, नहीं, ऐसा नहीं है । मैं कहानी, अपने किरदार, निर्देशक जैसी कई बातों पर ध्यान देती हूं।

13 अक्तूबर को 35वां जन्मदिन परिवार के साथ मनाने वाली पूजा ने बताया, "मैं पिछले कुछ समय से चेन्नई, हैदराबाद और मुंबई के बीच सफर कर रही थी। लंबे समय बाद अपने घर पर जन्मदिन मनाना बहुत अच्छा लगा । फैशन ताकत देता है; यह आपको अलग महसूस करा सकता है

सोशल मीडिया पर बड़ी फैन फॉलोइंग के साथ, पूजा ने हिंदी और साऊथ दोनों फिल्म इंडस्ट्रीज में अपनी पहचान बनाई है। चाहे वह स्टाइलिश गाऊन हों या आरामदायक कैजुअल कपड़े - पूजा मानती है कि फैशन इंसान को सशक्त बनाता है । लगातार यात्राओं और अलग-अलग इंडस्ट्रीज में काम के बीच वह कहती है कि फैशन हमेशा उसकी मदद करता है। फैशन और एक्टिंग के बीच समानता बताते हुए उसने कहा, मेरे लिए फैशन बहुत पावरफुल है क्योंकि आप इसे अपने हक में इस्तेमाल कर सकते हैं। यह आपको अलग महसूस करा सकता है - जैसे कोई किरदार निभाना ।

फैशन की दोहरी ताकत पर बात करते हुए पूजा कहती है, " आप फैशन के जरिए या तो खुद को एक्सप्रैस कर सकते हैं या अपने कपड़ों से खुद को अलग महसूस करा सकते हैं। जैसे हील पहनने से आपके हाव-भाव और आत्मविश्वास बदल जाता है, वैसे ही अलग-अलग आऊटफिट्स से भी एहसास बदलता है । मुझे लगता है फैशन सच में ताकत देता है ।

क्लास और एलिगैंस की मिसाल पूजा खुद को 'टॉमब्वॉय' बताती 'मुझे ढीले-ढाले और आरामदायक कपड़े पसंद हैं। मुझे 'टॉमब्वॉय फेम' स्टाइल पसंद है- थोड़ी 'टॉमब्वॉय' लुक, लेकिन उसमें स्त्रीत्व की झलक भी होनी चाहिए।

पूजा कहती है कि लगभग 12 साल के एक्टिंग करियर के दौरान उसका फैशन सैंस समय के साथ बदला है। उसने कहा, वक्त के साथ मेरा फैशन सैंस बेहतर हुआ है और इससे मुझे खुद को समझने में मदद मिली है। हां, बीच में कुछ गलतियां भी हुईं, लेकिन उनसे मैंने सीखा और खुद को निखारा ।

वह हंसते हुए बताती है कि एक चीज है जिसे वह अभी तक सही नहीं कर पाई, "मैं बार-बार स्ट्रेट हेयर ट्राई करती हूं, लेकिन वह हमेशा थोड़ा मुश्किल रहता है। मैं अभी भी सीख रही हूं कि उसे परफैक्ट कैसे बनाऊं।

आने वाले समय में पूजा की कई बड़ी हिंदी और साऊथ फिल्में रिलीज होंगी। वह कहती है, "मैं ऐसे रोल करना चाहती हूं जो मुझे एक एक्ट्रैस के तौर पर खुश करें और चुनौती दें। मैंने तय किया है कि अब मैं उन्हीं डायरैक्टर्स के साथ काम करूंगी जिनसे मैं प्रेरित महसूस करती हूं।

# कैटरीना की प्रेग्नेंसी फोटो वायरल करने वालों पर भड़कीं सोनाक्षी सिन्हा, बोलीं- 'आप किसी अपराधी से कम नहीं'





सितंबर महीने में विक्की कौशल और कैटरीना कैफ एक पोस्ट इंस्टाग्राम पर की। इस पोस्ट में कैटरीना की प्रेग्नेंसी न्यूज साझा की गई। सेलेब्स से लेकर फैंस तक ने कपल को बधाई दी। शुक्रवार को अचानक कैटरीना कैफ की प्रेग्नेंसी की कुछ फोटो वायरल हो गईं।

**घर की बालकनी पर खड़ी कैटरीना की ली गई फोटो**

अचानक सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसमें प्रेग्नेंट कैटरीना अपने घर की बालकनी पर खड़ी है। पैपराजी ने बिना एक्ट्रेस की मर्जी के ये फोटोज लीं और पब्लिश कर दी। इससे कैटरीना के फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स भड़क गए। साथ ही सोनाक्षी सिन्हा ने भी कैटरीना की प्रेग्नेंसी फोटोज को बिना परमिशन पब्लिश करने वालों पर सवाल खड़े कर दिए।

**सोनाक्षी ने फोटो वायरल करने वालों को सुनाई खरी-खोटी**

सोनाक्षी सिन्हा ने कैटरीना की प्रेग्नेंसी फोटो वाली पोस्ट पर रिएक्ट किया। वह लिखती हैं, 'आपको क्या समस्या है? आपने एक महिला की परमिशन के बिना तस्वीर खींची और उसे सोशल प्लेटफॉर्म पर पब्लिश किया। क्या यह गलत नहीं है? आप किसी अपराधी से कम नहीं हैं। यह शर्मनाक है।'

**सोनाक्षी पहले भी दिखा चुकी हैं ऐसी बेबाकी**

सोनाक्षी सिन्हा पहले भी सोशल मीडिया पर ट्रोल करने वालों को जवाब दे चुकी हैं।

जब जहीर इकबाल से शादी के बाद उन्हें ट्रोल किया गया तो एक्ट्रेस ने ट्रोल्स को करारा जवाब दिया। अब वह कैटरीना कैफ को सपोर्ट कर रही हैं। स्टार्स की प्राइवेसी जैसी मुद्दों को उठाने की कोशिश कर रही हैं। सोनाक्षी के करियर फ्रंट की बात करें तो जल्द ही उनकी एक साउथ फिल्म 'जटाधरा' रिलीज होगी।

# गंदे कमैंट्स पर भड़की जरीन खान

जरीन खान हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर एक गंभीर मुद्दे को लेकर चर्चा में रही है। उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर बताया कि उसकी पोस्ट्स पर अक्सर अश्लील और भद्दे कमैंट्स आते हैं, जिनसे वह काफी परेशान है। जरीन ने कहा कि चाहे वह कोई भी पोस्ट करे - खुशी का, दुख का या किसी गंभीर विषय पर कुछ लोग नीचे गंदे इमोजी और अभद्र बातें लिख देते हैं। उसने सवाल उठाया कि आखिर ऐसे लोग हैं कौन और ऐसा व्यवहार सोशल मीडिया पर क्यों हो रहा है ? उसने अपने फॉलोअर्स से भी पूछा कि क्या उनके साथ भी ऐसा होता है । इस वीडियो पर कई लोगों ने उसे सपोर्ट किया है। कुछ ने कहा कि ऐसे लोगों को नजरअंदाज करना चाहिए, तो कुछ ने सराहना की कि जरीन ने हिम्मत दिखाकर इस विषय पर खुलकर बात की है ।



# मैंने कपड़े 'पहने' थे : नेहा भसीन

## ट्रोलर्स की क्लास लगाते हुए करारा जवाब दिया

बॉलीवुड गायिका नेहा भसीन इन दिनों अपने गाने 'जु मेरी' को लेकर सुर्खियों में है । यह गाना सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और फैन्स इसे काफी पसंद कर रहे हैं। रील्स पर भी इसे बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं, हाल ही में नेहा अपने कपड़ों को लेकर ट्रोल हो गई जब उसने एक म्यूजिक इवेंट में हॉट पिंक स्विमसूट ड्रैस पहनी।

इस पर नेहा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर ट्रोलर्स की क्लास लगाते हुए करारा जवाब दिया। वीडियो में उसने कहा, मुझे पता है कि हर गाने का एक मूड होता है, लेकिन मैंने कपड़े पहन रखे थे, मैं 'नेकेड' (निर्वस्त्र ) नहीं थी।

उसने आगे कहा, बहुत कलेश चल रहा है कि तौबा-तौबा- तौबा, नेहा ने क्या पहन लिया। मैं बॉलीवुड गानों और पंजाबी लोक गीतों को एक साथ लाने के लिए बहुत काम कर रही हूं, लेकिन बारिश के कारण, हमारे सभी कामों में दिक्कत आ रही थी। मैं 'जुत्ती मेरी' सॉन्ग के लिए कुछ और पहनना चाहती थी, मैं एक स्कर्ट पहनना चाहती थी। जाहिर है, जैसे आप लोग नैतिक दायित्व समझते हैं वैसा कुछ नहीं है, लेकिन मुझे लगता है हर गाने का एक एहसास होता है।


अपनी बात जारी रखते हुए उसने कहा, अगर मैं 45 सैकेंड या 1 मिनट के लिए स्टेज से उतर जाती, तो या तो मेरा लास्ट गाना कट जाता या मेरी परफॉर्मेंस एक्सटैंड हो जाती, और मैं सलीम सुलेमान का समय खा जाती, क्योंकि हम पहले ही पूरे कॉन्सर्ट के लिए एक घंटा लेट चल रहे थे। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि यह इतनी बड़ी बात क्यों है ? मैं 'नेकेड' नहीं हूं, मैं कुछ भी गलत नहीं कर रही हूं।



बीमारी का खुलासा नेहा भसीन ने 2024 में बताया था कि वह 'प्रीमैंस्ट्रुअल डिस्फोरिक डिसऑर्डर' से जूझ रही है।

वह कम उम्र से ही इससे स्ट्रगल कर रही है लेकिन 2022 में जाकर उसको इसके बारे में पता चला था। इसमें हर महीने उसके लिए 15 दिन उठना और जीना मुश्किल हो गया था। उसने आलोचकों के बारे में कहा कि पहले उसको फर्क पड़ता था, जब वे वजन को लेकर उसे ट्रोल करते थे लेकिन अब नहीं। वह अपने में मस्त रहती है।

# इस्राइल में शुरू हुआ भारतीय फिल्म महोत्सव, पद्मावत समेत दिखाई जाएंगी ये मशहूर फिल्में





हाल ही में इस्राइल के हाइफा में भारतीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन हुआ। हाल ही में इस्राइल की राजधानी यरुशलम में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। इसके बावजूद यहां 200 से ज्यादा लोगों ने भारतीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन में हिस्सा लिया। भारतीय दूतावास ने हाइफा नगर पालिका के साथ मिलकर गुरुवार को फिल्म महोत्सव का उद्घाटन समारोह आयोजित किया।

इस मौके पर छह फिल्मों का प्रदर्शन हुआ जिसके जरिए भारतीय सिनेमा की विरासत का जश्न मनाया गया। भारतीय दूतावास ने इस वर्ष फरवरी में एक फिल्म महोत्सव का आयोजन किया था। इसे भारत के प्रति उत्साही लोगों ने सराहा था। इसके बाद दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया।


इस्राइल फिल्म निर्माता, डैन वोलमैन ने इस महोत्सव को एक अहम पहल बताया। महोत्सव के तहत इस्राइल के कई हिस्सों में भारत की फिल्में दिखाई जाएंगी।

दो हफ्ते के इस आयोजन के दौरान हाइफा, तेल अवीव और दिमोना में पद्मावत, गंगूबाई काठियावाड़ी, जवान, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, अंधाधुन और 12वीं फेल जैसी फिल्में दिखाई जाएंगी।

भारतीय दूतावास में मिशन उप-प्रमुख, सर्वजीत सूदन ने भारतीय सिनेमा को इस्राइली दर्शकों के करीब लाने में सहयोग के लिए हाइफा शहर का आभार व्यक्त किया। सूदन ने कहा, 'भारतीय फिल्में भारत की भावना- उसकी सांस्कृतिक विविधता, भावनाओं, मूल्यों और परंपराओं को दर्शाती हैं। इस महोत्सव के माध्यम से, हम भारत और इस्राइल के बीच सांस्कृतिक पुल और अच्छे संबंध बनाने की आशा करते हैं।'इस्राइल में विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 46,000 भारतीय काम करते हैं।

# टेकऑफ के लिए तैयार जेवर एयरपोर्ट, पहली कैलिब्रेशन फ्लाईट की सफल लैंडिंग

## वर्षों की मेहनत व किसानों के सहयोग से आया ऐतिहासिक दिन : धीरेन्द्र सिंह



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार को पहली कैलिब्रेशन फ़्लाइट सफलतापूर्वक उतरकर प्रदेश और ज़ेवर क्षेत्र के विकास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुआ। यह फ़्लाइट एयरपोर्ट के सभी नेविगेशन और संचार उपकरणों की सटीकता की जांच के लिए संचालित की गई, जो एयरपोर्ट संचालन की अंतिम प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस ऐतिहासिक दिन के बाद जेवर एयरपोर्ट टेकऑफ के लिए तैयार है।

डीजीसीए ने शुक्रवार को मौसम ठीक होने पर टेस्ट फ्लाईट की सफल लैंडिंग कराई। इससे पहले 30 अक्टूबर को टेस्ट लैंडिंग टाल दी गई थी। कैलिब्रेशन फ़्लाइट का मुख्य उद्देश्य एयरपोर्ट के रडार, नेविगेशन सिस्टम, वीज़ुअल मार्गदर्शन और संचार उपकरणों की शुद्धता सुनिश्चित करना है। यह प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि हवाई यातायात संचालन सुरक्षित और सुचारु तरीके से हो।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, ज़ेवर के इतिहास में शुक्रवार का दिन मील का पत्थर साबित हुआ, जब यहां पहली बार कैलिब्रेशन फ़्लाइट सफलतापूर्वक उतरी। इस ऐतिहासिक अवसर पर ज़ेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत औद्योगिक और अवसंरचनात्मक विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है, और ज़ेवर एयरपोर्ट इसकी प्रतीक परियोजना है।' उन्होंने इसे उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और कहा कि यह हवाई अड्डा आम जनमानस के जीवन में परिवर्तनकारी प्रभाव डालेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने हालिया निरीक्षण के दौरान कहा था कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश की ताकत और आकांक्षाओं का प्रतीक है। इसकी गुणवत्ता, समयबद्धता और समन्वय देशभर में उदाहरण बनेंगे। परियोजना की हर गतिविधि में उच्च मानक सुनिश्चित करना सभी के लिए प्राथमिकता है।

जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्षों की मेहनत, किसानों के सहयोग और प्रशासनिक दृढ़ता के कारण यह सपना साकार हो रहा है। उन्होंने बताया कि कैलिब्रेशन फ़्लाइट की सफल लैंडिंग से यह सिद्ध होता है कि एयरपोर्ट निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में पहुँच चुका है और शीघ्र ही वाणिज्यिक उड़ानें शुरू हो सकेंगी।

इस अवसर पर एयरपोर्ट प्रबंधन, परियोजना अभियंता दल और यमुना प्राधिकरण के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कैलिब्रेशन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की टीम अंतिम निरीक्षण करेगी।

इस मौके पर नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (NIA) की मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) किरण जैन और यमुना प्राधिकरण के ओएसडी एवं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया के साथ साथ अनेकों लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर नोएडा स्टेडियम में 'रन फॉर यूनिटी'









**नोएडा (चेतना मंच)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन गौतम बुद्ध नगर द्वारा नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21 नोएडा में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह द्वारा राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ के साथ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मेधा रूपम, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण, स्कूली छात्र-छात्राएँ, खिलाड़ी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। एकता, सद्भाव और अखंड भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में सेवानिवृत्त डीजीपी उत्तर प्रदेश प्रकाश सिंह, प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार, कॉमेडियन अमित भड़ाना, मिसेज यूनिवर्स 2025 शेरी सिंह, गायक ग्रीक अमन, पैरा एथलीट योगेश खतुनिया एवं साक्षी कसाना, बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव प्रमोद कुमार, क्रिकेटर स्वास्तिक चिकारा, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी, स्पोर्ट्स पर्सन अभय प्रताप सिंह, स्पोर्ट्स फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. विपिन कुमार, कवि हास्य कलाकार शंभू शिखर एवं विनोद, तथा बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष डॉ. मनीष चौधरी शामिल रहे। पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। इस दौड़ में पुलिस बल, प्रशासनिक अधिकारी, विद्यार्थी, खिलाड़ी, स्वयंसेवी संगठन, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि एवं आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रन के दौरान प्रतिभागियों ने देशभक्ति गीतों और नारों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में सहयोग, सद्भाव और एकता के मूल्यों को अपनाना चाहिए। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। सरदार पटेल ने जिस दूरदर्शिता और दृढ़ निश्चय के साथ देश को एक सूत्र में बांधा, वह सभी भारतीयों के लिए प्रेरणास्पद है।

## कलेक्ट्रेट में ली गई राष्ट्रीय एकता की शपथ



**नोएडा (चेतना मंच)।** देश की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर आज जनपद गौतम बुद्ध नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (भू0अ0) बच्चू सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार, तथा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी (भू0अ0) बच्चू सिंह ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति समर्पण ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने भी सरदार पटेल जी के आदर्शों पर चलने और उनके द्वारा स्थापित राष्ट्रीय एकता, सद्भाव एवं प्रशासनिक दक्षता के मूल्यों को अपने कार्य में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## पटेल की जयंती पर स्कूली बच्चों ने निकाली रैली



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वार्ड 10 के पार्षद के नेतृत्व में तीन स्कूल के लगभग 500 बच्चों ने रैली निकाली वही सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहे के नारों से भगत सिंह चौक गुज उठा।

डीएलएफ कालोनी वार्ड 10 के पार्षद श्रीमती रेखा गोस्वामी के नेतृत्व में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती पर तीन स्कूलों के बच्चों ने अपने हाथों में सरदार वल्लभभाई पटेल की फोटो और तिरंगा लेकर भारत माता की जयकारों के साथ सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहे के नारों से भगत सिंह चौक गुज उठा वही वार्ड 10 की पार्षद श्रीमती रेखा गोस्वामी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर फूलमाला चढ़ा कर रैली को रवाना किया ये रैली सेंट्रल पार्क से शुरू होकर सी ब्लाक बी ब्लाक ए ब्लाक होते हुए सेंट्रल पार्क पर समाप्त हुई । वही सभी स्कूल के बच्चे अपने अपने स्कूल में वापस चले गए

भारत की एकता के प्रहरी, अखंड राष्ट्र के शिल्पकार एवं महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

उस रैली में शामिल मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी राजन आर्या तीनो स्कूलों के प्रधानाचार्य अध्यापक कलोनी वासी सामिल हुए।

## राष्ट्र निर्माण में वैश्य समाज की अग्रणी भूमिका : डॉ. महेश शर्मा




**पटना (एजेंसी)।** औरंगाबाद में वैश्य समाज द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजय जायसवाल (सांसद एवं बिहार भाजपा के पूर्व अध्यक्ष), त्रिविक्रम सिंह (भाजपा प्रत्याशी, औरंगाबाद), सुशील सिंह (पूर्व सांसद, औरंगाबाद) तथा दिलीप कुमार सिंह (एमएलसी, बिहार) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वैश्य समाज के प्रमुख नेता, व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, स्थानीय व्यवसायी, तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। सभी उपस्थित जनों ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में एकजुट होकर समर्थन देने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि वैश्य समाज सदैव राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। समाज की एकता और भाजपा के प्रति विश्वास से प्रदेश के विकास की दिशा और गति दोनों सशक्त होंगी। उन्होंने सभी से भाजपा को सशक्त करने हेतु अधिक से अधिक समर्थन देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में स्थानीय समाजसेवियों एवं व्यापारियों ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया।




**लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर मनाए जा रहे 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के अवसर पर थाना फेस-2 पुलिस द्वारा 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन किया गया। Run for Unity कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विशिष्टजनों को स्मृति चिन्ह भेट किए गए।**

## रालोद ही किसानों की सच्ची हितैषी : प्रियंका अत्री

### गन्ना मूल्य बढ़ाने पर सीएम व जयंत चौधरी का आभार जताया



**नोएडा (चेतना मंच)।** इस देश में राष्ट्रीय लोकदल ही ऐसी पार्टी है जो हमेशा किसानों की हितैषी रही है। पार्टी के संस्थापक स्व. चौधरी चरण सिंह को इसी वजह से किसानों का मसीहा कहा जाता है। किसानों की आवाज को प्रमुखता से उठाने वाले स्व. चौधरी चरण सिंह की इस परंपरा को चौधरी अजीत सिंह ने भी प्रमुखता से उठाया था। किसानों को हमेशा न्याय दिला दिलाने का कार्य किया। अब इसी परंपरा को वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष जयंत चौधरी उठा रहे हैं। उनकी इसी प्रयासों का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गन्ना किसानों की सुविधा के लिए गन्ने के मूल्य को 370 से बढ़ाकर 400 रूपये प्रति क्विंटल कर दिया है। यह बात कही राष्ट्रीय लोक दाल की पूर्व प्रदेश प्रवक्ता तथा मेरठ मंडल की सदस्यता अभियान प्रभारी एडवोकेट प्रियंका अत्री ने।

उन्होंने गन्ने का मूल्य बढ़ाने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी में उत्तर प्रदेश के किसानों का कभी भला नहीं किया। लेकिन केंद्र की एनडीए सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देखकर साबित कर दिया कि एनडीए ही वास्तव में किसानों की हितैषी है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश का गन्नना किसान बहुत ही खुश है।

## सपा ने सरदार पटेल व आचार्य नरेंद्र देव की मनाई जयंती



**नोएडा (चेतना मंच)।** सपा नोएडा महानगर द्वारा सपा नोएडा महानगर कैंप कार्यालय सेक्टर 53 नोएडा में महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल और महान समाजवादी आचार्य नरेंद्र देव की जयंती धूमधाम से मनाई।

इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई इसके बाद एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने उनके जीवन दर्शन सिद्धांतों और देश हित में किए गए अतुल्य योगदान पर विस्तार से चर्चा की।

महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया आज का दिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है जो देश की एकता अखंड और भाईचारे का प्रतीक है।

विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान व मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव ने समाजवाद के माध्यम से समानता और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में रंजन कुमार को नोएडा महानगर का सचिव मनोनीत होने पर सभी लोगों ने उनको बधाई दी।

कार्यक्रम का संचालन महानगर महासचिव विकास यादव के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों मेंविकास यादव ,बबलू चौहान, गौरव कुमार यादव, वीरपाल प्रधान, बबली शर्मा, लोकेश यादव ,टीटू यादव,राघवेंद्र दुबे, अंकुर पहलवान, कृपा शंकर यादव,संजीत यादव ,सोनू त्यागी, अशरफ अंसारी, बाबा जयवीर, विपिन चौहान, सौरभ मौर्य ,राज यादव, सतबीर यादव, प्रहलाद सिंह, रंजन कुमार, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।